Downloaded From : http://cbseportal.com/

# सैकेंडरी स्कूल परीक्षा

## फरवरी-मार्च – 2020

## अंक-योजना – हिंदी 'अ' कोड संख्या 3/4/1 - 2, 3

## SUBJECT CODE : 002

**सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।**

**विशेष निर्देश :**

**परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अत: यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्नपत्र में दिए गए दक्षता आधारित(competency based) दो प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×)। मूल्यांकन कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायींओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या (×) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

**Downloaded From : http://cbseportal.com/**

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>भूख से मरते ............................................... पाप मानता हूँ। | |
| | (क) | (ग) | (ख) | प्रश्न – स्वराज प्राप्ति के लिए किसकी शरण की बात की जा रही है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• चरखे की शरण ;<br>कारण –<br>• स्वराज को थोड़े समय में प्राप्त करने के लिए<br>• समय के सदुपयोग द्वारा वास्तविक स्वराज प्राप्त करने के लिए<br>• कार्य करके भोजन जुटाने के लिए<br>• श्रम को महत्व देने के लिए<br>• प्रेम की पुकार<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+½+½=2 |
| | (ख) | (क) | (घ) | प्रश्न – चोर किसे कहा गया है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• काम-काज न करने वाले लोगों को ;<br>• स्वयं काम किए बिना प्राप्त हुआ भोजन चोरी द्वारा प्राप्त हुई वस्तुओं के समान<br>• ईश्वर ने मनुष्य को काम करने के लिए रचा है<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |



**Downloaded From : http://cbseportal.com/** **Courtesy : CBSE**

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (घ) | (क) | प्रश्न – आत्मा की खातिर कौन-सी चीज़ें चाहिए?<br>उत्तर – आत्म-निर्णय का अधिकार, स्वतंत्रता और विकास | 2 |
| | (घ) | (ख) | (ग) | प्रश्न – आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से संपन्न व्यक्ति क्या-क्या कर सकता है?<br>उत्तर –<br>• वह मानव-जाति के लिए स्थायी और नया आविष्कार कर सकता है।<br>• वह ईश्वर का नित नवीन गुणगान करते हुए दुख-संतप्त धरती को शांति और सद्भावना का संदेश दे सकता है। | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – लेखक की दृष्टि में विशाल कारागार क्या है?<br>उत्तर – भारत | 1 |
| | (च) | (च) | (च) | प्रश्न – उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।<br>उत्तर – चरखे का महत्व / श्रम की उपयोगिता<br>(अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 2 | 2<br>(क) | 2<br>– | 2<br>– | प्रश्न – निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –<br>प्रश्न – मैं तो मुग्ध था उनके मधुर गान पर - जो सदा ही सुनने को मिलता। (सरल वाक्य में बदलिए) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – सदा ही सुनने को मिलने वाले उनके मधुर गान पर मैं तो मुग्ध था। / मैं तो सदा ही सुनने को मिलने वाले / सुनाई देने वाले उनके मधुर गान पर मुग्ध था। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – कहा जा चुका है कि मूर्ति संगमरमर की थी। (आश्रित वाक्य पहचानकर लिखिए और उसका भेद भी लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य – मूर्ति संगमरमर की थी<br>भेद – संज्ञा आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | (ग) | (ग) | (ख) | प्रश्न – मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। (रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए)<br>उत्तर – मिश्र वाक्य | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – मिलने आए हुए लोगों को देखकर उन्होंने स्वागत किया। (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए)<br>उत्तर – उन्होंने मिलने आए हुए लोगों को देखा और स्वागत किया। / मिलने आए हुए लोगों को उन्होंने देखा और स्वागत किया। / उन्होंने मिलने आए हुए लोगों को देखा और उनका स्वागत किया। | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – इन ख़बरों से हिंदुस्तान में सनसनी फैल रही थी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – ये वे ख़बरें थीं जिनसे हिंदुस्तान में सनसनी फैल रही थी।/ जिनसे हिंदुस्तान में सनसनी फैल रही थी, ये वही खबरें थीं। | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | (ख) | – | प्रश्न – इंडिया गेट के सामने जो जॉर्ज पंचम की लाट थी, उसकी नाक गायब हो गई। (आश्रित उपवाक्य और उसका भेद भी लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य – इंडिया गेट के सामने जो जॉर्ज पंचम की लाट थी<br>भेद – विशेषण आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – बीज इकट्ठा हो तो सूरजमुखी की खेती की जाए। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – बीज इकट्ठा होने पर सूरजमुखी की खेती की जाए। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – जॉर्ज पंचम की नाक की रक्षा के लिए हथियारबंद पहरेदार तैयार कर दिए गए थे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – जॉर्ज पंचम की नाक की रक्षा करनी थी इसलिए हथियारबंद पहरेदार तैयार कर दिए गए थे। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – जब हम लोग न मिल सके तब तिवारी जी सीधे पाठशाला में चले गए। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – हम लोगों के न मिल सकने पर तिवारी जी सीधे पाठशाला में चले गए। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – मुहल्ले भर के ढेर सारे लड़कों की मंडली जल्द ही जुट जाती। (वाक्य भेद लिखिए)<br>उत्तर – सरल / साधारण वाक्य | 1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 3 | 3 (क) | 3 (क) | 3 (ख) | प्रश्न – निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए –<br>प्रश्न – आओ, बैठा जाए। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – आओ, बैठें। / आओ बैठते हैं। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – हम चल नहीं सकेंगे। (भाववाच्य में)<br>उत्तर – हमसे चला नहीं जा सकेगा / जाएगा। | 1 |
| | (ग) | (ग) | (घ) | प्रश्न – नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया (कर्मवाच्य में)<br>उत्तर – नवाब साहब द्वारा / के द्वारा संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया गया। | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – चरखे को उसके गौरवपूर्ण स्थान से दूर कर दिया गया। (कर्तृवाच्य में)<br>उत्तर – चरखे को उसके गौरवपूर्ण स्थान से दूर कर दिया। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – अब चलें। (भाववाच्य में)<br>उत्तर – अब चला जाए। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – उन्होंने हमें बुलाया। (कर्मवाच्य में)<br>उत्तर – उनके द्वारा हमें बुलाया गया। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – चलो, ज़रा घूमें। (भाववाच्य में)<br>उत्तर – चलो, ज़रा घूमा जाए। | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – बाबूजी से यह हाल सुना नहीं गया। (कर्तृवाच्य में)<br>उत्तर – बाबू जी यह हाल नहीं सुन सके / पाए। /<br>बाबू जी ने यह हाल नहीं सुना। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए –<br>(पद नाम सही होने पर ही एक अन्य बिंदु के लिए अंक दें) | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – मैं इस ओर से उदासीन हूँ।<br>उत्तर – मैं – सर्वनाम (पुरुषवाचक), पुल्लिंग/स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ताकारक, 'उदासीन होना' क्रिया का कर्ता | ½+½=1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – मैं अर्थशास्त्र और नीतिशास्त्र में बहुत अधिक अंतर नहीं समझता।<br>उत्तर – नहीं – क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'समझना' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – मेरे देखने के बाद चोर और तेज़ भागने लगा।<br>उत्तर – चोर – संज्ञा (जातिवाचक), एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, 'भागने लगा' क्रिया का कर्ता | ½+½=1 |
| | (घ) | (घ) | (ग) | प्रश्न – भगत ने अपनी पतोहू को उसके भाई के साथ विदा किया।<br>उत्तर – भाई – संज्ञा (जातिवाचक), एकवचन, पुल्लिंग, / 'के साथ' – संबंधबोधक, 'भाई' के साथ संबंध | ½+½=1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (क) | – | प्रश्न – यह कविता अच्छी है या बुरी; इससे मुझे मतलब नहीं है।<br>उत्तर – नहीं - क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'होना' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – इसी में से वह विवशता जागी।<br>उत्तर – जागी- - क्रिया (अकर्मक), स्त्रीलिंग, एकवचन, भूतकाल, कर्तृवाच्य, 'विवशता' कर्ता की क्रिया | ½+½=1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – सहसा एक चमत्कार, सूर्य उदित हुआ।<br>उत्तर – सूर्य - संज्ञा (व्यक्तिवाचक), एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, 'उदित हुआ' क्रिया का कर्ता | ½+½=1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न –वहीं घूमते हुए एक सिक्किमी नवयुवक ने मुझे बताया।<br>उत्तर – सिक्किमी - विशेषण (गुणवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य - 'नवयुवक' | ½+½=1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – उसने अपने-आप ही कहानी शुरू की।<br>उत्तर – अपने-आप - सर्वनाम (निजवाचक), स्त्रीलिंग / पुल्लिंग, एकवचन | ½+½=1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – मूर्तिकार हार मानने वाला कलाकार नहीं था।<br>उत्तर – नहीं - क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'होना' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | (ख) | (क) | प्रश्न – 'करुण रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'करुण रस' का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए –<br>बोले चितै .............................................. जानहि मोही।।<br>उत्तर – रौद्र रस | 1 |
| | (ग) | (ग) | – | प्रश्न – 'आलंबन' किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – वह आधार जिस पर स्थायी भावों की जागृति होती है जैसे ; ' श्रृंगार रस के अंतर्गत नायक-नायिका आलंबन होंगे।<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½=1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है?<br>उत्तर – वीर रस | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – 'गोपियों की विरह दशा' के भाव किस रस के अंतर्गत आते हैं?<br>उत्तर – श्रृंगार रस | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए –<br>''माँ ओ' कह .............................. आई थी।।''<br>उत्तर– वत्सल / वात्सल्य रस | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | – | (ख) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए –<br>''यह मेरी गोदी की ........................ मतवाली।।''<br>उत्तर – वत्सल / वात्सल्य रस | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – रस से आप क्या समझते हैं?<br>उत्तर – काव्य को पढ़ने या सुनने से जिस आनंद की अनुभूति होती है। | 1 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 6 | 6 | 6 | 6 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | 'एक बार ............................................... नहीं हुआ।<br>प्रश्न – 'आग-बबूला' का आशय समझाते हुए लिखिए कि पिताजी के आग-बबूला होने के क्या कारण रहे होंगे।<br>उत्तर –<br>• आग-बबूला होना - अत्यधिक क्रोधित होना ;<br>• कारण - कॉलेज से बेटी की शिकायत आने पर सामाजिक रूप से लज्जित होने का भय | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – पिताजी लौटकर खुश क्यों थे और उन्होंने अपनी प्रसन्नता को कैसे व्यक्त किया?<br>उत्तर –<br>• उनकी बेटी का कॉलेज की लड़कियों पर रौब जानकर ;<br>• गदगद स्वर में सबको प्रिंसिपल से हुई बातचीत सुनाकर | 1+1=2 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – माता-पिता का ऐसा भय बच्चों के विकास के लिए अनुचित क्यों है? तर्क सहित लिखिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 2 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ के उदाहरण से यह स्पष्ट कीजिए कि अपने मज़हब से सच्चा प्यार करने वाला दूसरे का भी सम्मान करता है।<br>उत्तर – अपने मज़हब के प्रति समर्पित होते हुए भी –<br>• बालाजी मंदिर पर प्रतिदिन सवेरे शहनाई बजाना<br>• बिस्मिल्ला खाँ द्वारा काशी के संकटमोचन मंदिर में आयोजित संगीत समारोह में भाग लेना<br>• काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रति श्रद्धा<br>• काशी से बाहर रहने पर काशी की ओर शहनाई का प्याला घुमाकर शहनाई बजाना<br>• गंगा मैया के प्रति श्रद्धा<br>• बालाजी मंदिर पर प्रतिदिन सवेरे शहनाई बजाना<br>• काशी को जन्नत मानना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – "इतनी-सी बात पर उनकी आँखें भर आई" – ऐसा विशेष क्या था जिससे हालदार साहब की आँखें नम हो उठीं?<br>उत्तर –<br>• नेता जी की मूर्ति की आँखों पर रखे सरकंडे से बने छोटे-से | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | चश्मे को देखकर हालदार साहब की आँखें भर आईं।<br>• चश्मा भावी पीढ़ी में देशभक्तों के प्रति सम्मान और देशभक्ति का प्रतीक | 1+1=2 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – नवाब साहब किस वर्ग के प्रतीक हैं? उनके प्रति आपकी राय क्या है? 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• नवाब साहब दिखावे का जीवन जीने वाले सामंती वर्ग का प्रतीक ;<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए संदर्भगत मुक्त पर अंक दिए जाएँ) | 1+1=2 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – "बालगोबिन भगत गृहस्थ जीवन में भी संन्यासी थे।" सोदाहरण टिप्पणी कीजिए।<br>उत्तर – गृहस्थ होते हुए भी गृहस्थ जीवन में लिप्त नहीं थे –<br>• पुत्र, पुत्रवधु, घर, खेतीबारी होते हुए भी रहन-सहन संन्यासियों वाला<br>• कबीरपंथी – कबीर को साहब मानना, उनके गीत गाना, उनके सिद्धांतो पर चलना<br>उदाहरण –<br>• व्यवहार से संन्यासी – सत्यवादी, झगड़ा मोल न लेना, किसी दूसरे की वस्तु को हाथ तक न लगाना, संतोषी प्रवृत्ति<br>• संन्यासियों वाली दिनचर्या – प्रात: उठकर नदी-स्नान, फिर भजन-गायन, शाम को पुन: भजन-गायन<br>• सांसारिक मोहमाया से निर्लिप्त – उपज को एक मठ में भेंट | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | कर देना, जो कुछ वहाँ से प्रसाद रूप में मिलता, उसी पर गुज़र करना, पुत्र की मृत्यु पर शोक के स्थान पर उत्सव मनाना आदि<br>(प्रश्न के दोनों भागों के उत्तर के लिए एक-एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ङ) | – | – | प्रश्न – फ़ादर कामिल बुल्के की मृत्यु किस बीमारी से हुई? लेखक को क्यों लगता है कि उनको उस बीमारी से नहीं मरना चाहिए था?<br>उत्तर –<br>• ज़हरबाद / गैंग्रीन से ;<br>• कामिल बुल्के की रग-रग में दूसरों के लिए स्नेह की मिठास भरी थी | 1+1=2 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' के लेखक के नवाब साहब के सामने बैठ आँखें क्यों चुरा लीं?<br>उत्तर –<br>• नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया<br>• आत्मसम्मान में | 2 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'बालगाबिन भगत' पाठ के आधार पर धान की रोपनी के दृश्य का वर्णन कीजिए।<br>उत्तर –<br>• आषाढ़ की रिमझिम<br>• पानी भरे खेत<br>• खेतों में बच्चों की उछल-कूद | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • कलेवा लिए मेंड़ पर बैठी औरतें<br>• ठंडी पुरवाई<br>• कबीर के गीत गाते और रोपाई करते बालगोबिन भगत<br>• बच्चों का झूमना<br>• औरतों का साथ गुनगुनाना<br>• हलवाहों और रोपाई करने वालों का गीत की ताल के अनुसार कार्य करना<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | ½+½+½+½=2 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'नौबतखाने में इबादत' के आलोक में लिखिए कि समय के साथ काशी की संस्कृति किस प्रकार बदल गई।<br>उत्तर –<br>• पारंपरिक खानपान का गायब होना<br>• अदब की परंपराओं का लुप्त होना<br>• शिष्टाचार की कमी<br>• गायकों द्वारा संगतकारों को सम्मान न देना<br>• रियाज़ के लिए धैर्य की कमी<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – "हालदार साहब आते-जाते हुए नेताजी की मूर्ति पर चश्मा देख प्रसन्न और उसे न देख दुखी होते थे पर उन्होंने स्वयं कोई कदम नहीं उठाया।" इस कथन से आपके मन में हालदार साहब के प्रति क्या विचार उभरते हैं? आप उनकी जगह होते तो क्या करते?<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 1+1=2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (ङ) | – | प्रश्न – "नम आँखों को गिनाना स्याही फैलाना है" - इसके माध्यम से लेखक क्या अभिव्यक्त करना चाहता है?<br>उत्तर – फ़ादर बुल्के की मृत्यु होने पर रोने वाले परिचितों, मित्रों और साहित्यकारों की संख्या इतनी अधिक थी कि उनके नामों को लिखना समय - कागज़ की बर्बादी थी। | 2 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – "सरकंडे का चश्मा, चश्मा भर नहीं था बल्कि हालदार साहब के लिए उसके कई अर्थ थे," उन अर्थों को स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• देश सुरक्षित हाथों में है।<br>• भावी पीढ़ी में देशभक्ति की भावना कायम है।<br>• भावी पीढ़ी देश के शहीदों, देशभक्तों का आदर करती है।<br>• छोटे-छोटे कार्यों से भी देशभक्ति का परिचय मिलता है।<br>• लोगों में देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व का एहसास है।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – फ़ादर कामिल बुल्के मन से संन्यासी नहीं थे, ऐसा कैसे कह सकते हैं?<br>उत्तर – फ़ादर ने संन्यास ग्रहण किया था फिर भी -<br>• लोगों से आत्मीय संबंध बनाते थे और आजीवन निभाते थे<br>• सबके सुख-दुख में सम्मिलित होते थे | 2 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – नवाब साहब की नवाबी प्रकृति को स्पष्ट करते हुए लिखिए कि उन्होंने खीरा खाना उचित क्यों नहीं समझा? | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – <br>• डिब्बे में लेखक के प्रवेश पर असंतोष <br>• लेखक के सामने खीरे जैसी साधारण वस्तु को खाने में संकोच / लज्जा का अनुभव <br>• खीरे को खिड़की से बाहर फेंक देना <br>• दिखावे की प्रवृत्ति <br>• मिथ्याभिमान ; <br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) <br>• इससे उनकी नवाबी शान को ठेस पहुँचती | ½+½+1 =2 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – 'बालबोबिन भगत' पाठ के आधार पर पुष्टि कीजिए कि भगत सच्चे कबीर पंथी थे। <br>उत्तर – <br>• कबीर को साहब मानते थे <br>• उन्हीं के गीत गाते थे <br>• उनके सिद्धांतों को जीवन में उतार लिया था <br>• अपना सब कुछ साहब (कबीर) का ही मानते थे। <br>• अपनी पूरी फ़सल कबीर-मठ में दे देते और जो प्रसाद स्वरूप वहाँ से मिलता, उसी से गुज़ारा करते आदि। <br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | (ङ) | प्रश्न – 'नौबतखाने में इबादत' के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बिस्मिल्ला खाँ और शहनाई एक दूसरे के पयार्य कैसे हैं? <br>उत्तर – <br>• शहनाई वादन के लिए अपना जीवन समर्पित कर देना | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • शहनाई को सर्वोच्च स्तर तक ले जाना<br>• वाद्ययंत्रों में शहनाई को विश्व-स्तर पर पहचान दिलाना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | 8 | 8 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | लड़की अभी.......................................... जीवन के<br>प्रश्न – काव्य-पंक्तियों में 'सयानी' और 'भोली' शब्द आए हैं। लड़की के संदर्भ में इनके अर्थ स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• दुनियादारी की समझ नहीं थी।<br>• सरल हृदय थी।<br>• सुख को पहचान पाती थी, दुख को नहीं<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – माँ ने लड़की को कौन-कौन सी सीख दीं? उनके पीछे क्या कारण था?<br>उत्तर –<br>• अपने रूप-सौंदर्य पर गर्व न करना<br>• वस्त्र-आभूषण बंधन हैं, अत: उनके मोह में न पड़ना<br>• जीवन की चुनौतियों का सामना करना<br>• आग से भोजन पकाना लेकिन जलना नहीं<br>• अपने स्वाभाविक गुणों को मत छोड़ना लेकिन कमज़ोर न बनना ;<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • अपनी पुत्री के भविष्य के प्रति चिंता के कारण | ½+½+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – "पाठिका थी वह ................................ पंक्तियों की" – लड़की के लिए यह कहने का क्या आशय है? इन पंक्तियों से उसका कैसा चित्र उभरता है?<br>उत्तर –<br>• जीवन की कटु वास्तविकताओं और व्यावहारिकताओं से अनजान थी।<br>• मानसिक रूप से परिपक्व नहीं हुई थी। | 1+1=2 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'संगतकार' कविता में मुख्य गायक के संदर्भ में 'नौसिखिया का प्रयोग क्यों हुआ है? स्पष्ट करके लिखिए।<br>उत्तर –<br>• प्रसिद्ध / मुख्य गायक भी नौसिखिया जैसी गलती कर सकता है।<br>• मुख्य गायक को उन दिनों का स्मरण कराने के लिए जब उसने गायन सीखना प्रारंभ ही किया था। | 2 |
| | (ख) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – प्रकृति की शोभा- श्री फागुन में कैसे अपना रंग-रूप बदलती है? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर – लाल-हरे नए पत्ते निकलना, सर्वत्र फूलों का खिलना, हवा में सुगंध फैलना | 2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (क) | (क) | प्रश्न – "अल्पवयस बालक बुज़ुर्गों को छेड़कर आनंदित होते हैं" – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – व्यंग्य भरी मुसकान के साथ लक्ष्मण द्वारा बार-बार परशुराम पर कटाक्ष करना जैसे –<br>• हमने बचपन में खेल-खेल में ऐसे कई धनुष तोड़ दिए तब तो आप क्रोधित नहीं हुए।<br>• एक-दो धनुष के टूटने से कौन-सा नफ़ा-नुकसान हो जाएगा। आप एक महान योद्धा हैं, लेकिन मुझे बार-बार आप ऐसे कुल्हाड़ी दिखा रहे हैं जैसे कि आप किसी पहाड़ को फूँक मारकर उड़ा देना चाहते हैं।<br>• आपके वचन ही इतने कड़वे हैं कि आपने व्यर्थ ही धनुष-बाण और कुल्हाड़ी को धारण किया हुआ है।<br>• आप तो अपनी प्रशंसा करने में माहिर हैं, तब भी संतोष नहीं हुआ तो फिर से कुछ कहिए।<br>• जो वीर होते हैं वे व्यर्थ में अपनी बड़ाई नहीं करते बल्कि अपनी करनी से अपनी वीरता को सिद्ध करते हैं।<br>• वे तो कायर होते हैं जो युद्ध में शत्रु के सामने आ जाने पर अपना झूठा गुणगान करते हैं।<br>(कोई दो उदाहरण अपेक्षित) | 2 |
| | (घ) | (ख) | (ख) | प्रश्न – 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए' – में राजनीति से कृष्ण की किस नीति की ओर गोपियों ने व्यंग्य किया है और क्यों?<br>उत्तर – नीतियाँ –<br>• मिलने का वचन देकर मुकर जाना<br>• स्वयं न आकर अपना संदेशवाहक / उद्धव को भेजना | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • प्रेम-संदेश के स्थान पर योग-संदेश भेजना<br>• राजपाट के लिए अपने प्रियजनों को भूल जाना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>कारण - कृष्ण के प्रति अपने प्रेम, क्रोध और रोष को व्यक्त करने हेतु व्यंग्य करने के लिए | ½+½+1=2 |
| | (ङ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'शेफालिका के फूल झरने' का भाव 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – कवि के मन में बच्चे के प्रति वात्सल्य या स्नेह जैसी कोमल भावनाओं का उत्पन्न होना / अनजान स्पर्श से बच्चे की आँखों से स्वाभाविक रूप से आँसू गिरना | 2 |
| 10 | 10 | 10 | 10 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – 'माता का अँचल पाठ में ग्रामीण जीवन की झाँकी है' – सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• पेड़ो की डालों पर झूलना<br>• काठ का घोड़ा जैसे खिलौने<br>• बच्चों के गली-मुहल्लों के खेल<br>• माँ द्वारा बच्चे को सजाने का तरीका<br>• बच्चों के खेल-गीत<br>• आम के बाग में आम खाना | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • खेती-बारी<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि' में बाह्य जगत की यात्रा के साथ-साथ आंतरिक यात्रा का चित्र भी प्रस्तुत किया गया है, कैसे? विवरण सहित लिखिए।<br>उत्तर –<br>• गैंगटॉक शहर की रात में लेखिक द्वारा बाहरी वातावरण की तरह, अपने भीतर भी शून्यता और शांति का अनुभव करना<br>• मार्ग के सौंदर्य से अभिभूत लेखिका का शांत और भारहीन महसूस करना<br>• जीवन की अनंतता के प्रतीक निर्मल झरने में पैर रखकर मन की तामसिकताओं के बह जाने का अनुभव करना<br>• प्राकृतिक सौंदर्य द्वारा जीवन रहस्यों को समझाने का प्रयास करना<br>• अनंत और अनादि ब्रह्मांड में मानव के अस्तित्व की क्षुद्रता और नश्वरता का एहसास करना<br>• पत्थर तोड़ती महिलाओं को देखकर मानव जीवन की चुनौतियों से संबंधित पूर्व अनुभवों को याद करना<br>• तिस्ता नदी के किनारे सुख और शांति के रहस्य का बोध होना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – 'जॉर्ज पंचम की नाम' लगाने के लिए मूर्तिकार द्वारा किए गए प्रयत्नों का अपने शब्दों में उल्लेख कीजिए। | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर –<br>• जॉर्ज पंचम की मूर्ति के पत्थर जैसा पत्थर खोजने के लिए देश भर में घूमना<br>• जॉर्ज पंचम की मूर्ति के लिए देश भर में भारतीय नेताओं और शहीद बच्चों की मूर्तियों की नाक जाँचना<br>• मूर्ति में किसी जीवित व्यक्ति की नाक लगाने का सुझाव देना<br>• स्वयं ज़िंदा नाक खोजना और मूर्ति पर लगाना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – नई दिल्ली के कायापलट होने का क्या आशय है? वह किस प्रकार होने लगा और उसमें कौन-सी बाधा थी? 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• आशय – रानी एलिज़ाबेथ के दिल्ली दौरे के कारण दिल्ली में साफ़-सफ़ाई और मरम्मत द्वारा उसकी स्थिति सुधारने का प्रयास ;<br>• कैसे - सड़कों की मरम्मत करना, धूल-मिट्टी साफ़ करना, इमारतों को सजाना;<br>• बाधा - जॉर्ज पंचम की मूर्ति की गायब नाक | 1+1+1=3 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – "बच्चा चाहे किसी के साथ कितना भी घुल-मिलकर रहे पर भय और दुख की घड़ी में माँ की गोद में ही सुरक्षित महसूस करता है।" 'माता का अँचल' पाठ के संदर्भ में इस पर टिप्पणी कीजिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – <br>• विषम परिस्थितियों में माँ का आँचल सबसे सुरक्षित स्थान <br>• माँ और बच्चे में भावनात्मक जुड़ाव <br>• माँ की ममता और सान्निध्य किसी भी कष्ट या भय को दूर करने में सक्षम <br>• माँ के सान्निध्य में आनंद का अनुभव <br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि' में प्रदूषण के कारण पहाड़ों पर आए किन परिवर्तनों की बात की गई है? पहाड़ पर यात्रा के दौरान हम प्रदूषण न फैलाने में कैसे योगदान दे सकते हैं? <br>उत्तर – <br>• प्रदूषण के कारण 'स्नो फॉल' में कमी आना ; <br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 1+2=3 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि' की लेखिका को पहाड़ के सौंदर्य के किन दृश्यों ने चौंका दिया? उन दृश्यों से उन्हें और क्या-क्या याद आने लगा? <br>उत्तर – <br>• 'धर्मचक्र' के दृश्य ने ; <br>वैज्ञानिक प्रगतियों के बावजूद देश की आत्मा एक जैसी / <br>• विराट पर्वत, झरने, फूलों, घाटियों के दुर्लभ नजारों ने ; <br>पलभर में ब्रह्मांड में कितना कुछ घट रहा था, वह भी एक | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | साथ / <br> • पत्थर तोड़ती महिलाओं के दृश्य ने; <br> पलामू और गुमला जंगलों में तेंदू पत्तों की खोज में घूमती आदिवासी युवतियाँ <br> (अन्य उपयुक्त उत्तर पर भी अंक दिए जाएँ) | 1+2=3 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – जॉर्ज पंचम की नाक लगने की ख़बर के दिन अख़बारों की क्या प्रतिक्रिया थी और क्यों? <br> उत्तर – <br> • प्रतिक्रिया – अख़बार खाली थे ; <br> कारण – अख़बारों द्वारा - <br> • जॉर्ज पंचम की मूर्ति पर जीवित व्यक्ति की नाक लगाए जाने का प्रतीकात्मक विरोध <br> • महारानी के आगमन को महत्व न देना <br> • पत्रकारिता की सही दिशा और सकारात्मक भूमिका की ओर संकेत <br> • मानसिक गुलामी से मुक्त होने का संकेत <br> (कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ के लेखक के बचपन की स्मृतियों से अपने बचपन की यादों की तुलना करते हुए लिखिए कि आपका बचपन भी आज कितना बदल गया है। <br> उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 3 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| | 11 | 11 | 11 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | आधुनिक जीवन-शैली और स्वास्थ्य<br>• जीवन-शैली में आ रहे परिवर्तन<br>• स्वास्थ्य का महत्व<br>• जीवन-शैली का स्वास्थ्य पर प्रभाव | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | विकास की देन - दूषित पर्यावरण<br>• प्रकृति, पर्यावरण की आवश्यकता<br>• मनुष्य की जवाबदेही<br>• विकास की आधुनिक अवधारणा में पर्यावरण | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'<br>• उपदेश से तात्पर्य<br>• उपदेश और आचरण<br>• उपदेश महत्वपूर्ण अथवा आचरण<br>उत्तर –<br><u>निबंध-लेखन</u><br>• भूमिका और उपसंहार – 2<br>• विषय-वस्तु – 4<br>• प्रस्तुति – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 2 | 10 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 12 | 12 | 12 | 12 | प्रश्न – 'स्वच्छता अभियान' के कारण लोगों के व्यवहार और मानसिकता में आए परिवर्तन पर अपने विचार प्रकट करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |
| | अथवा | अथवा | अथवा | दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात आप व्यावसायिक विषय लेना चाहते हैं, जबकि आपके माता-पिता विज्ञान के लिए उत्सुक हैं। अपने विषय-चयन के पीछे अपनी रुचि आदि का उचित कारण बताते हुए पिता को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |
| | | | | उत्तर –<br>पत्र-लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |
| 13 | 13 | 13 | 13 | प्रश्न – ''प्रकृति की रक्षा से धरती और मानव-जाति की रक्षा संभव है'' - इस विषय पर लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| | अथवा | अथवा | अथवा | पर्यावरण की शुद्धता के लिए सरकार की ओर से सार्वजनिक वाहनों के उपयोग की अपील करते हुए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

**Downloaded From : http://cbseportal.com/**

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर –<br>विज्ञापन-लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |



**Downloaded From : http://cbseportal.com/** **Courtesy : CBSE**

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**सैकेंडरी स्कूल परीक्षा**

**फरवरी-मार्च – 2020**

**अंक-योजना – हिंदी 'अ' कोड संख्या 3/5/1 - 2, 3**

**SUBJECT CODE : 002**

**सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।**

**विशेष निर्देश** :

**परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अत: यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्नपत्र में दिए गए दक्षता आधारित(competency based) दो प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×)। मूल्यांकन कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायींओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या (×) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>लाखों वर्षों से मधुमक्खी .................................. प्राप्त करता है। | |
| | (क) | (ग) | (ख) | प्रश्न – मनुष्य की भीतरी और बाहरी बनावट किस प्रकार की है?<br>उत्तर –<br>• बाधाहीन;<br>• विवस्त्र, निरस्त्र, दुर्बल | 1+1=2 |
| | (ख) | (क) | (घ) | प्रश्न – 'असाध्य को संभव' बनाने का क्या अर्थ है? स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• जो हमेशा से होता रहा है या हो रहा है<br>• प्रचंडकाय प्राणियों के भीषण नखदंतों का सामना करने के लिए विभिन्न प्रयास-पत्थरों के औजार, लोहे के हथियार | 1+1=2 |
| | (ग) | (घ) | (क) | प्रश्न – मनुष्येतर प्राणियों की रचना में 'प्रकृति के साहस का अभाव' का क्या आशय है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• बदलाव का साहस नहीं, अभ्यास के दायरे में बँधे रहना;<br>• मधुमक्खी का उदाहरण | 1+1=2 |
| | (घ) | (ख) | (ग) | प्रश्न – मनुष्य ने लोहे के हथियार पाने के लिए क्या मेहनत की और क्यों?<br>उत्तर – धरती के नीचे से लोहा निकाला, गलाया, साँचे में डालकर | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | ढाला, हथौड़े से पीटा और हथियार बनाया;<br>• प्रचंडकाय प्राणियों से सुरक्षा हेतु | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – परिश्रम से क्या प्राप्त होता है?<br>उत्तर – सफलता और आनंद | ½+½=1 |
| | (च) | (च) | (च) | प्रश्न – उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।<br>उत्तर – अद्भुत प्रकृति / अद्भुत सृष्टि<br>(अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 2 | 2<br>(क) | 2<br>– | 2<br>– | प्रश्न – निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –<br>प्रश्न – सब कुछ हो चुका था, सिर्फ़ नाक नहीं थी। (रचना के आधार पर वाक्य–भेद पहचानकर लिखिए)<br>उत्तर – संयुक्त वाक्य | 1 |
| | (ख) | (ग) | – | प्रश्न – थोड़ी देर में मिठाई की दुकान बढ़ाकर हम लोग घरौंदा बनाते थे। (मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए)<br>उत्तर – थोड़ी देर में जब हम लोग मिठाई की दुकान बढ़ा देते तब घरौंदा बनाते। | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – जब हम बनावटी चिड़ियों को चट कर जाते, तब बाबूजी खेलने के लिए ले जाते। (आश्रित उपवाक्य पहचानकर लिखिए और उसका भेद भी लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य – जब हम बनावटी चिड़ियों को चट कर जाते<br>भेद – क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | (घ) | – | (ख) | प्रश्न – कानाफूसी हुई और मूर्तिकार को इजाज़त दे दी गई। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – मूर्तिकार को कानाफूसी के बाद इजाज़त दे दी गई। /<br>कानाफूसी होने के बाद मूर्तिकार को इजाज़त दे दी गई। | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – बालगोबिन भगत का यह संगीत है। (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)<br>उत्तर – सरल वाक्य | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – जब पान के पैसे चुका कर जीप में आ बैठे, तब रवाना हो गए। (आश्रित उपवाक्य पहचानकर लिखिए और उसका भेद भी लिखिए)<br>उत्तर –<br>आश्रित उपवाक्य – जब पान के पैसे चुका कर जीप में आ बैठे<br>भेद – क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – फ़सल को एक जगह रखते और उसे पैरों से रौंद डालते। (सरल वाक्य में बदलिए) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – फ़सल को एक जगह रखकर उसे पैरों से रौंद डालते। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – वे इंदौर से अजमेर आ गए, जहाँ उन्होंने अपने अकेले के बल-बूते अधूरे काम को आगे बढ़ाया। (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)<br>उत्तर – मिश्र वाक्य / मिश्रित वाक्य | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – अगली बार जाने पर भी मूर्ति की आँखों पर चश्मा नहीं था। (मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए)<br>उत्तर – जब अगली बार गया तब भी मूर्ति की आँखों पर चश्मा नहीं था। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए। (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए)<br>उत्तर – हालदार साहब जीप में बैठे और चले गए। | 1 |
| 3 | 3<br>(क) | 3<br>– | 3<br>– | प्रश्न – निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन करके लिखिए –<br>प्रश्न – कैप्टन चश्मा बदल देता था। (कर्मवाच्य में)<br>उत्तर – कैप्टन द्वारा चश्मा बदल दिया जाता था। | 1 |
| | (ख) | (क) | (ख) | प्रश्न – इस दिन दालमंडी में शहनाई बजाई जाती थी। (कर्तृवाच्य में)<br>उत्तर – इस दिन दालमंडी में शहनाई बजाते थे। | 1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – वे आज रात यहीं ठहरेंगे। (भाववाच्य में)<br>उत्तर – उनसे आज रात यहीं ठहरा जाएगा। | 1 |
| | (घ) | (ग) | (घ) | प्रश्न – अब सोया नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में)<br>उत्तर –अब सो नहीं पाता / सकता। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – पतोहू ने आग दी। (कर्मवाच्य में)<br>उत्तर – पतोहू द्वारा आग दी गई। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – वह खेलेगा। (भाववाच्य में)<br>उत्तर – उससे खेला जाएगा। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – अब गायक संगतकारों का आदर नहीं करते। (कर्मवाच्य में)<br>उत्तर – अब गायकों द्वारा संगतकारों का आदर नहीं किया जाता। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – चिड़िया चोट के कारण उड़ नहीं पा रही थी। (भाववाच्य में)<br>उत्तर – चिड़िया से चोट के कारण उड़ा नहीं जा रहा था। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | प्रश्न –निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए:<br>(पद नाम सही होने पर ही अन्य एक बिंदु पर पूरे अंक दिए जाएँ) | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – किसी का ताज़ा चित्र <u>नहीं</u> छपा था।<br>उत्तर – नहीं - क्रियाविशेषण (रीतिवाचक) 'छपा' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ख) | – | – | प्रश्न – तीसरी बार फिर से नया चश्मा था।<br>उत्तर – नया - विशेषण (गुणवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, 'चश्मा' - विशेष्य | ½+½=1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – यह सब मैंने केवल सुना।<br>उत्तर – सुना - क्रिया (सकर्मक), एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल | ½+½=1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – मान लीजिए कि पुराने ज़माने में एक भी स्त्री पढ़ी-लिखी न होती।<br>उत्तर – स्त्री - संज्ञा (जातिवाचक), एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक | ½+½=1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – भोलानाथ बाकी सभी लड़कों के साथ खेलने लगा।<br>उत्तर – भोलानाथ - संज्ञा (व्यक्तिवाचक), एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक | ½+½=1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – लेकिन आदत से मजबूर आँखें मूर्ति की तरफ़ उठ गई।<br>उत्तर – मूर्ति -संज्ञा (जातिवाचक), एकवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक | ½+½=1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – जल्दी चलो, ट्रेन आने ही वाली है।<br>उत्तर – जल्दी - क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'चलो' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – बालगोबिन भगत मँझोले कद के गोरे-चिट्टे आदमी थे।<br>उत्तर – आदमी - संज्ञा (जातिवाचक), एकवचन, पुल्लिंग | ½+½=1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – एक पद भगत गाते और सब सुनते।<br>उत्तर – और – समुच्चयबोधक (समानाधिकरण), दो उपवाक्यों को जोड़ने वाला | ½+½=1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – धीरे-धीरे धुँध की चादर थोड़ी छँटी।<br>उत्तर – धीरे-धीरे – क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'छँटी' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – वीर रस का कोई भी एक उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – घृणा का भाव उत्पन्न करने वाले काव्य में कौन-सा रस होगा?<br>उत्तर – वीभत्स रस | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'श्रृंगार रस' के दो भेद कौन-से हैं?<br>उत्तर – संयोग और वियोग | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर रस का नाम लिखिए :<br>वह लता वहीं की ........................ दृग वर महामरण!<br>उत्तर – करुण रस | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – उद्दीपन किसे कहते हैं?<br>उत्तर – जो सहृदय के भावों को उद्दीप्त करे | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

**Downloaded From : http://cbseportal.com/**

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर रस का नाम लिखिए :<br>"यह मुरझाया हुआ .................................. बिखराना मत।।"<br>उत्तर – करुण रस | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – भयानक रस का स्थायी भाव क्या है?<br>उत्तर – भय | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – यशोदा हरि पालने ........................... कछु गावै।<br>उपर्युक्त पंक्तियों में किस रस की निष्पत्ति होती है? रस का नाम लिखिए।<br>उत्तर – वत्सल / वात्सल्य रस | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – आलंबन विभाव किसे कहते हैं?<br>उत्तर – जिसके कारण रस उत्पन्न होता है | 1 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 6 | 6 | 6 | 6 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>खाँ साहब को बड़ी शिद्दत ............................... के पूरक रहे हैं। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – संगीत की कौन-सी परंपराएँ बदलते समय के अनुसार विलुप्त हो गईं? | |



**Downloaded From : http://cbseportal.com/** **Courtesy : CBSE**

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर –<br>• गायकों द्वारा संगतियों के आदर की परंपरा<br>• रियाज़ की परंपरा<br>• कजली और चैती जैसे लोकसंगीत<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ को एक-दूसरे का पूरक क्यों कहा गया है?<br>उत्तर –<br>• बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ दोनों काशी की पहचान<br>• बाबा के प्रति बिस्मिल्ला खाँ की अटूट भक्ति | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'गंगा-जमुनी संस्कृति' से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• सांप्रदायिक सद्भाव की मिली-जुली संस्कृति;<br>• उदाहरण – हर धर्म के त्योहारों को मिल-जुलकर मनाना<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (ग) | (ग) | प्रश्न – हालदार साहब और कैप्टन के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।<br>उत्तर –<br>• हालदार साहब - सहृदय, जिज्ञासु, | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | देश के शहीदों के सम्मान की चिंता करने वाला / देशभक्त<br>• कैप्टन – संवदेनशील, देशभक्त, दृढ़ निश्चयी, उदार | ½+½+½+½=2 |
| | (ख) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – "पतनशील सामंती समाज झूठी शान के लिए जीता है" – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• संगति के लिए उत्साह का अभाव<br>• नवाब साहब द्वारा खीरे की तैयारी<br>• स्वाद लेने का विचित्र ढंग<br>• खीरे को झूठी शान के लिए फेंकना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (क) | (क) | प्रश्न – "भगत की पुत्रवधू और भगत दोनों एक-दूसरे की हित-चिंता में ज़िद पर अड़े थे" – पुष्टि कीजिए।<br>उत्तर –<br>• भगत को पुत्रवधू के भविष्य की चिंता, पुनर्विवाह की ज़िद<br>• पुत्रवधू को उनके रहने, खाने-पीने और बीमारी में देखभाल की चिंता और उनके साथ ही रहने की ज़िद | 1+1=2 |
| | (घ) | (ख) | (ख) | प्रश्न – 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर इलाहाबाद के साहित्यिक परिवेश का वर्णन कीजिए।<br>उत्तर – 'परिमल' समूह की सक्रियता, गोष्ठियाँ, परस्पर साहित्यिक परिचर्चा, वाद-विवाद, प्रस्तुतियाँ आदि | 2 |
| | (ङ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – "विद्यार्थी जीवन में योग्य शिक्षक सही दिशा दिखाने वाले | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | मार्गदर्शक होते हैं'' – 'एक कहानी यह भी' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• योग्य शिक्षिका शीला अग्रवाल ने लेखिका की साहित्यिक रुचि का दायरा बढ़ाया, चर्चा और परिचर्चा से समझ विकसित की<br>• देश की स्थितियों को जानने-समझने और उनमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। | 1+1=2 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान ................................ रहोगे अनिमेष! | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'मृतक में जान डालने' और 'पाषाण के पिघलकर जल बनने' का आशय स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• उदास, निराश मन में बच्चे की मधुर मुसकान से आशा और उत्साह जागना<br>• बच्चे के स्पर्श से कठोर से कठोर मन का पिघल जाना | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – अनिमेष देखने का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि छोटे बच्चे ऐसा क्यों करते हैं?<br>उत्तर –<br>• अपलक / एकटक देखना;<br>• नएपन के प्रति आकर्षण / पहचानने की कोशिश / जिज्ञासा / कौतूहल आदि | 1+1=2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – शेफालिका के फूल झरने का क्या तात्पर्य है? कवि बाँस या बबूल की संज्ञा किसे दे रहा है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• कवि के मन में बच्चे के प्रति वात्सल्य या स्नेह जैसी कोमल भावनाओं का उत्पन्न होना / अनजान स्पर्श से स्वाभाविक रूप से बच्चे की आँखों से आँसू गिरना ;<br>• कवि को / स्वयं को ;<br>• जीवन में सरसता के अभाव के कारण<br>(कवि का अपने बारे में यह सोचना कि बाँस या बबूल की तरह उसमें कौन-से काँटे हैं, जिससे बच्चे की यह हालत हुई) | 1+½+½=2 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में संवाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच चल रहा था जबकि राम मूकदर्शी थे। राम का मौन उनके स्वभाव की कौन-सी विशेषताओं को उजागर करता है?<br>उत्तर – शांत, विनम्र, धीर-गंभीर, मर्यादित, बड़ों का सम्मान, मितभाषी आदि | ½+½+½+½=2 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – 'उत्साह' कविता में कवि का कोमल हृदय और क्रांतिकारी रूप दोनों दिखते हैं, यह कैसे कहा जा सकता है?<br>उत्तर –<br>• कोमल हृदय - बालकों के मन जैसा सरल, सहज, क्षण-क्षण बदलती कल्पनाएँ, कविरूप | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • क्रांतिकारी रूप - विध्वंस, बदलाव का आह्वान, नव-निर्माण की कामना<br>(दोनों भागों के लिए दो-दो बिंदु अपेक्षित) | ½+½+½+½=2 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – 'मृगतृष्णा' से आप क्या समझते हैं? 'छाया मत छूना' में वह किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है?<br>उत्तर –<br>• दूर से चमकती रेत को जल समझकर उस ओर दौड़ना;<br>• जीवन में यश, वैभव, प्रभुता, भौतिकता, बाह्य चमक-दमक के पीछे भागने के संदर्भ में | 1+1=2 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – " 'संगतकार' की मनुष्यता उसका निर्धारित कर्तव्य ही है, न कि कोई महानता" – इससे सहमत या असहमत होते हुए तर्क सहित अपने विचार व्यक्त कीजिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ।) | 2 |
| | (ङ) | – | – | प्रश्न – गोपियों के माध्यम से सूरदास ने निर्गुण भक्ति पर कृष्ण-भक्ति को बेहतर साबित किया है – इस पर टिप्पणी कीजिए।<br>उत्तर –<br>• कृष्ण भक्ति - प्रेममय, सरस, आह्लादकारी, अतः रुचिकर<br>• निर्गुण भक्ति - कड़वी ककड़ी, रोग, नीरस, अतः अरुचिकर | 2 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – 'उधौ तुम हो अति बड़भागी' – में उद्धव को बड़भागी कहने का क्या तात्पर्य है? गोपियाँ खुद को उद्धव से कैसे अलग मानती हैं? | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर –<br>• गोपियाँ कटाक्ष / व्यंग्य रूप में कह रही हैं कि कृष्ण के समीप रहकर भी उधौ में प्रेम का अभाव है ;<br>• कृष्ण से अलग होकर भी उनके प्रति गोपियों का एकनिष्ठ प्रेम / गुड़ चींटी के समान प्रेम | 1+1=2 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'छाया मत छूना' में 'छाया' का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवि क्यों कहता है – 'जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन'।<br>उत्तर –<br>• अतीत की सुखद स्मृतियाँ ;<br>• वर्तमान की संघर्षपूर्ण कठिन परिस्थितियों / सच्चाइयों को स्वीकार कर उनका डटकर सामना करना | 1+1=2 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'उत्साह' कविता का शीर्षक सार्थक है – सहमति में तर्क लिखिए।<br>उत्तर – कविता में विध्वंस, विप्लव और क्रांति चेतना द्वारा समाज में नवीन कल्पना और नवजीवन लाने का उत्साह और प्रेरणा मूल भाव | 2 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – परशुराम का क्रोध अकारण नहीं था, न ही निरर्थक था – क्यों और कैसे? स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – कारण -<br>• गुरु-समान शिव के धनुष का टूटना<br>• धनुष भंग करने वाले के विषय में संतोषजनक / स्पष्ट उत्तर न मिलना | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • लक्ष्मण के कटु वचन | 2 |
| | – | (ङ) | – | प्रश्न – 'कन्यादान' कविता में बेटी को माँ की अंतिम पूँजी क्यों कहा गया है? यह भी लिखिए कि माँ उसे क्या सीख दे रही है।<br>उत्तर –<br>• बेटी माँ के लिए अमूल्य संपदा, जो विदा हो रही है।<br>• सुख-दुख की साथी;<br>• सीख - आत्ममुग्ध न होना, खुद को हिंसा का शिकार न बनने देना, कपड़े-गहनों के मोह में न बँध जाना, लड़की के गुण अपनाना पर कमज़ोर नहीं बनना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+½+½=2 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – गोपियों के मन की व्यथा क्या है? वह मन में ही क्यों रह गई?<br>उत्तर –<br>• कृष्ण द्वारा लौटकर आने का वादा करके न आना;<br>• स्वयं न आकर योग संदेश के साथ उद्धव को भेजना। अत: मन की बात मन में ही रह गई। | 1+1=2 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – 'संगतकार' मुख्य गायक को किस प्रकार सँभालता है? वह गायक को किसकी याद दिलाता है?<br>उत्तर –<br>• गायक जब टेक की पंक्ति को छोड़कर अंतरे की जटिल तानों में खो जाता है तब संगतकार स्थायी को संभालता है / | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | गायक जब अपने सरगम को पार कर अनहद में डूब जाता है तब संगतकार ही स्थायी को सँभालता है ;<br>• गायक को उसका बचपन और नौसिखियापन याद दिलाता है। | 1+1=2 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'कन्यादान' कविता पढ़कर किन सामाजिक कुरीतियों की ओर आपका ध्यान गया है? वे कविता से कैसे जुड़ती हैं?<br>उत्तर –<br>• दहेज प्रथा, कन्यादान, लड़कियों को कमज़ोर और कमतर समझना, सौंदर्य का प्रतिमान मानना, लड़कियों का शोषण आदि;<br>(किन्हीं दो का उल्लेख अपेक्षित)<br>• माँ द्वारा दी गई सीख बेटी को उपर्युक्त कुरीतियों से सचेत रहने का संकेत करती है | 1+1=2 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – 'दुविधा-हत साहस है' में 'दुविधा' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि दुविधा में डूबे व्यक्ति की क्या दशा होती है।<br>उत्तर –<br>• अनिर्णय की स्थिति;<br>• दशा – कोई रास्ता नहीं सूझता, साहस नष्ट हो जाता है, संघर्ष नहीं कर पाता, तनावग्रस्त हो जाता है। | 1+1=2 |
| | – | – | (ङ) | प्रश्न – लक्ष्मण ने 'कुम्हड़ बतिया' का दृष्टांत क्यों दिया है? इसके द्वारा वे मुनि और सभा को क्या संदेश देना चाहते हैं?<br>उत्तर –<br>• परशुराम लक्ष्मण को साधारण बालक समझकर डरा रहे थे ; | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • वे कुम्हड़े के छोटे फल जैसे नहीं हैं जो तर्जनी को देख डर / मर जाएँ। | 1+1=2 |
| 10 | 10 | 10 | 10 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित खेलों से आज के खेल कितने अलग हैं, इसका तुलनात्मक वर्णन कीजिए।<br>उत्तर – पाठ में वर्णित खेल - ग्रामीण परिवेश से जुड़कर उपलब्ध सामग्री से खेलते हैं, खेती-बारी का खेल, दुकानदार-ग्राहक का खेल, बरात का जुलूस, घरौंदा बनाना<br>आज के खेल - कंप्यूटर-मोबाइल के खेल खेले जाते हैं। (आधुनिक तकनीक पर निर्भर) - क्रिकेट, फुटबॉल आदि<br>(अन्य उपयुक्त उत्तर पर भी अंक दें) | 3 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – पहाड़ी लोगों का जीवन मैदानी जीवन से अधिक संघर्षपूर्ण होता है। 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – उदाहरण –<br>• लगातार चढ़ाई<br>• जीवन-उपयोगी वस्तुओं का दूर होना<br>• आमदनी कम और मेहनत ज़्यादा<br>• बच्चों को साथ लेकर स्त्रियों द्वारा पत्थर काटने जैसे कठोर परिश्रम संबंधी कार्य करना<br>(उपर्युक्त किन्हीं तीन बिंदुओं का विस्तार अपेक्षित) | 1+1+1=3 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ग) | – | – | प्रश्न – " 'जॉर्ज पंचम की नाक' में मूर्तिकार एक अवसरवादी व्यक्ति है जो सबको मूर्ख बनाकर अपना उल्लू साध रहा है।" तर्क सहित पुष्टि कीजिए।<br>उत्तर – नए-नए स्वार्थपूर्ण सुझाव – मूर्ति के लिए पत्थर की तलाश, पत्थर की नाक की तलाश के बहाने पैसे ऐंठना और सैर-सपाटा करना<br>(अन्य उपयुक्त तर्क पर भी अंक दें) | 3 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – 'जॉर्ज पंचम की नाक' भारतीय शासन व्यवस्था का सही चित्र खींचता हुआ पाठ है, कैसे?<br>उत्तर –<br>• नौकरशाही, आपाधापी, जल्दबाज़ी में सही-गलत फ़ैसले लेना, किसी भी तरह मामला निपटाना, सच्चाई पर पर्दा डालना आदि<br>• जब तक ज़रूरत न हो हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना, औपनिवेशक गुलामी की मानसिकता<br>• प्रचार-प्रसार की ललक<br>• लात फीताशाही, दूरदर्शिता का अभाव<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बाल-मनोविज्ञान पर टिप्पणी कीजिए।<br>उत्तर –<br>• माँ से विशेष लगाव<br>• कमज़ोर क्षणों में माँ के आँचल में सुरक्षा की अनुभूति<br>• क्षणिक रोना – क्षणिक हँसना | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • चिढ़ाना<br>• दिखावे की कुश्ती में जीत की खुशी आदि | 3 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लायुंग की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन कीजिए और यह भी बताइए कि यह सुंदरता कैसे बची हुई है।<br>उत्तर –<br>• नन्हीं-सी शांत बस्ती लायुंग, तिस्ता नदी, पेड़-पौधे, गहरे बादल, मंदिर की घंटियों की रुनझुनाहट, लकड़ी का बना छोटा-सा घर, शांत और सुरम्य सुबह, ऊँची-ऊँची पहाड़ियाँ, झरने आदि;<br>• चर्चित पर्यटक स्थल नहीं है। मानव का हस्तक्षेप कम है। | 2+1=3 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – 'माता का अँचल' किसी और युग की कोई कहानी प्रतीत होती है – अपने वर्तमान से उसकी तुलना करते हुए इसके पक्ष या विपक्ष में अपनी राय लिखिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर के लिए अंक दिए जाएँ) | 3 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – " 'कटाओ' की सुंदरता इसलिए भी बची हुई थी कि वह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल नहीं था और वहाँ पर दुकानों का न होना वरदान समान था" – इस पर अपने विचार लिखिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर के लिए अंक दिए जाएँ) | 3 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')  कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'जॉर्ज पंचम की नाक' हमारे देश में चली आ रही औपनिवेशिक गुलामी की मानसिकता का यथार्थ चित्रण है, कैसे?<br>उत्तर –<br>• कुछ भी करके रानी एलिज़ाबेथ को प्रसन्न करने के प्रयास करना<br>• रानी एलिज़ाबेथ के आने की खबर अख़बारों में विस्तारपूर्वक छापना<br>• रानी के पहनावे, नौकरों, खानसामों और कुत्तों तक के बारे में विस्तार से छापना<br>• मूर्ति की नाक के लिए सरकारी तंत्र का हिल जाना<br>• देश के शहीदों और बच्चों की नाक काटकर मूर्ति पर लगाने का आदेश।<br>• जिंदा नाक मूर्ति पर लगाने का आदेश<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 11 | 11<br><br>(क) | 11<br><br>(क) | 11<br><br>(क) | प्रश्न – निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए –<br>विद्यालयों की ज़िम्मेदारी – बेहतर नागरिक-बोध<br>• व्यक्तित्व निर्माण में विद्यालय का स्थान<br>• राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व<br>• नागरिक अधिकारों-कर्तव्यों का बोध | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 12 | (ख)<br><br><br><br><br>(ग)<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>12<br><br><br><br><br><br>अथवा | (ख)<br><br><br><br><br>(ग)<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>12<br><br><br><br><br><br>अथवा | (ख)<br><br><br><br><br>(ग)<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>12<br><br><br><br><br><br>अथवा | सोशल मीडिया और किशोर<br>• सोशल मीडिया : तात्पर्य और विभिन्न प्रकार<br>• किशोरों के आकर्षण–बिंदु<br>• वर्तमान समय में सोशल मीडिया का प्रचलन और प्रभाव<br><br>यात्राएँ : अनुभव के नए क्षितिज<br>• यात्रा : क्या, क्यों, कैसे?<br>• यात्राओं से अनुभवों की व्यापकता<br>• यात्राओं का सभ्यता के विकास में योगदान<br>उत्तर –<br>निबंध–लेखन<br>• भूमिका और उपसंहार – 2<br>• विषयवस्तु – 4<br>• प्रस्तुति – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 2<br><br>प्रश्न – आप एक रिश्तेदार को देखने किसी अस्पताल में गए और वहाँ रख–रखाव और सफ़ाई में बहुत सारी कमियाँ दिखीं। ध्यान दिलाने पर कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार किया। इसकी शिकायत मुख्य–चिकित्सा अधिकारी से करते हुए उचित कार्रवाई करने की माँग करते हुए 80–100 शब्दों में पत्र लिखकर कीजिए।<br><br>किसी मुद्दे पर आपका अपने मित्र से मतभेद हो गया है। उसे 80–100 शब्दों में पत्र लिखकर अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए बताइए कि यह मित्रता आपके लिए क्या महत्व रखती है। | 10 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 13 | 13<br><br>अथवा | 13<br><br>अथवा | 13<br><br>अथवा | उत्तर –<br>पत्र-लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1<br><br>प्रश्न – सर्व शिक्षा अभियान के तहत 'वयस्क साक्षरता मिशन 2020' के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।<br><br>आपकी पुरानी साइकिल अब आपके लिए छोटी पड़ रही है। उसे बेचने के लिए कोई आकर्षक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।<br><br>उत्तर –<br>विज्ञापन-लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5<br><br>5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**सैकेंडरी स्कूल परीक्षा**

**फरवरी-मार्च – 2020**

**अंक-योजना – हिंदी 'अ' कोड संख्या 3/1/1 - 2, 3**

**SUBJECT CODE: 002**

**सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।**

**विशेष निर्देश :**

**परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अत: यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्नपत्र में दिए गए दक्षता आधारित(competency based) दो प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×)। मूल्यांकन कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायींओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या (×) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>मनुष्य का सबसे ...................................... महामंत्र है। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौन-सा गुण आवश्यक है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• आत्मनिर्भरता / स्वावलंबन ;<br>• जीवन में आने वाली बाधाओं और निराशा का सामना करने के लिए | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – आत्मविश्वास क्यों आवश्यक है और कैसे जाग्रत हो सकता है?<br>उत्तर –<br>• जीवन में सभी कार्य कर सकने के लिए ;<br>• संघर्ष करके / मेहनत करके | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – स्वावलंबन का सहोदर किसे कहा गया है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मबल, आत्मरक्षा, साहस, संतोष, धैर्य आदि गुण स्वावलंबन के सहोदर हैं। ;<br>• इन्हीं गुणों की सहायता से हम स्वावलंबी बनते हैं। | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – स्वावलंबन का अभाव मनुष्य का सबसे बड़ा अवगुण क्यों | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | है?<br>उत्तर – स्वावलंबन के अभाव से मनुष्य –<br>• हमेशा दूसरों पर निर्भर रहता है।<br>• जीवन में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता।<br>• समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में कोई सहयोग नहीं दे पाता।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – 'आत्मबल' के लिए क्या आवश्यक है?<br>उत्तर – आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता | 1 |
| | (च) | (च) | (च) | प्रश्न – उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।<br>उत्तर – आत्मनिर्भरता / स्वावलंबन<br>(अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 2 | 2 | 2 | 2 | प्रश्न – निर्देशानुसार उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – पत्थर की मूर्ति थी परंतु चश्मा असली था। /<br>मूर्ति पत्थर की थी पर / और चश्मा असली था। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया। (सरल वाक्य में बदलिए) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – मूर्तिकार ने सुनकर जवाब दिया। | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – काशी में संगीत आयोजन की एक परंपरा है, जो प्राचीन एवं अद्भुत है। /<br>काशी में संगीत आयोजन की जो एक परंपरा है, वह प्राचीन एवं अद्भुत है। /<br>काशी में जो संगीत आयोजन की एक परंपरा है, वह प्राचीन एवं अद्भुत है। | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य - जिसका नाम कैप्टन है<br>भेद - विशेषण आश्रित उपवाक्य | ½ +½ =1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – एक साल पहले बने कॉलेज में शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई थी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – एक साल पहले कॉलेज बना था और उसमें शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई थी। /<br>कॉलेज एक साल पहले बना था और उसमें शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई थी। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – जो व्यक्ति साहसी हैं उनके लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। (सरल वाक्य में बदलिए) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – साहसी व्यक्तियों के लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – सवार का संतुलन बिगड़ा और वह गिर गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – जैसे ही सवार का संतुलन बिगड़ा, वैसे ही वह गिर गया। /<br>जैसे ही सवार का संतुलन बिगड़ा, वह गिर गया। /<br>जब सवार का संतुलन बिगड़ा, तब वह गिर गया। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – केवट ने कहा कि बिना पाँव धोए आपको नाव पर नहीं चढ़ाऊँगा। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य – बिना पाँव धोए आपको नाव पर नहीं चढ़ाऊँगा।<br>भेद – संज्ञा आश्रित उपवाक्य | ½ +½ =1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – उसने स्टेडियम जाकर क्रिकेट मैच देखा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – वह स्टेडियम गया और उसने क्रिकेट मैच देखा। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – जैसे ही बच्चे को खिलौना मिला वह चुप हो गया। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – बच्चा खिलौना मिलते ही चुप हो गया। /<br>बच्चे को खिलौना मिलते ही वह चुप हो गया। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – मन्नू जी की साहित्यिक उपलब्धियों के लिए उन्हें अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – मन्नू जी की जो साहित्यिक उपलब्धियाँ हैं, उनके लिए उन्हें | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। /<br>मन्नू जी की साहित्यिक उपलब्धियाँ हैं जिनके लिए उन्हें अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – जो शांति बरसती थी वह चेहरे पर स्थिर थी। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए।)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य – जो शांति बरसती थी<br>भेद – विशेषण आश्रित उपवाक्य | ½ +½ =1 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – नेताजी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया गया। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – दर्द के कारण वह खड़ा ही नहीं हुआ। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – दर्द के कारण उससे खड़ा ही नहीं हुआ गया। | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – परीक्षा के बारे में अध्यापक द्वारा क्या कहा गया? (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – परीक्षा के बारे में अध्यापक ने क्या कहा? | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कहा कि खीरा लज़ीज़ होता है। (कर्मवाच्य में) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

**Downloaded From : http://cbseportal.com/**

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – नवाब साहब द्वारा हमारी ओर देखकर कहा गया कि खीरा लज़ीज़ होता है। | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – किसान के द्वारा खेत की जुताई की गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – किसान ने खेत की जुताई की। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – कितने कंबल बँटे? (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – कितने कंबल बाँटे गए? | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – आओ, यहाँ बैठ सकते हैं। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – आओ, यहाँ बैठा जा सकता है। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – सैनिकों द्वारा देश की रखवाली की जाती है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – सैनिक देश की रखवाली करते हैं। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – मैं दीपावली पर मिट्टी के दीए जलाऊँगी। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – मेरे द्वारा दीपावली पर मिट्टी के दीए जलाए जाएँगे। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – हर्षिता पैदल चल नहीं सकती। (भाववाच्य में बदलिए) | |



**Downloaded From : http://cbseportal.com/** **Courtesy : CBSE**

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – हर्षिता से पैदल चला नहीं जाता / जा सकता। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – तुमसे चुप नहीं रहा जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – तुम चुप नहीं रहते / रह सकते। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए – (पदनाम सही होने पर कोई एक अन्य बिंदु स्वीकार्य) | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – आजकल <u>प्रदूषण</u> तेज़ी से फैल रहा है।<br>उत्तर – प्रदूषण - संज्ञा (भाववाचक), पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक | ½ +½ =1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – वक्त काटने के लिए खीरे <u>खरीदे होंगे</u>।<br>उत्तर – खरीदे होंगे - क्रिया (सकर्मक), पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल, 'खीरा' कर्म | ½ +½ =1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – नवाब साहब <u>थककर</u> लेट गए।<br>उत्तर – थककर - क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'लेट गए' क्रिया की विशेषता | ½ +½ =1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – मेदा भी <u>मेरा</u> कमज़ोर है।<br>उत्तर – मेरा - विशेषण (सार्वनामिक), एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'मेदा' | ½ +½ =1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (क) | – | प्रश्न – सफ़ेद घोड़ा तेज भागता है।<br>उत्तर – सफ़ेद - विशेषण (गुणवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, 'घोड़ा' विशेष्य। | ½ +½ =1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – खीरा लज़ीज़ होता है।<br>उत्तर – खीरा - संज्ञा (जातिवाचक), एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक | ½ +½ =1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – यह भाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है?<br>उत्तर – यह - विशेषण (सार्वनामिक), स्त्रीलिंग, एकवचन, 'भाषा' विशेष्य | ½ +½ =1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – वह हमेशा सच बोलता है।<br>उत्तर – हमेशा - क्रियाविशेषण (कालवाचक), 'बोलता है' क्रिया की विशेषता | ½ +½ =1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – बाग में कुछ महिलाएँ बैठी थीं।<br>उत्तर – बैठी थीं - क्रिया (अकर्मक), स्त्रीलिंग, बहुवचन, भूतकाल | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – मुझे अपनी पत्नी और पुत्र की मृत्यु याद आ रही है।<br>उत्तर – अपनी - विशेषण (सार्वनामिक), स्त्रीलिंग, एकवचन, 'पत्नी' विशेष्य | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – एक शर्त रखी कि मैं भारत जाऊँगा।<br>उत्तर – भारत - संज्ञा (व्यक्तिवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, कर्म | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | कारक | ½ +½ =1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – नहीं जानता, बस मन में यह था।<br>उत्तर – नहीं – क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'जानता' क्रिया की विशेषता | ½ +½ =1 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए –<br>उस काल मारे ..................सागर जगा।<br>उत्तर – रौद्र रस | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'वीर रस' का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – 'शांत रस' का स्थायी भाव क्या है?<br>उत्तर – निर्वेद | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – उद्दीपन से आप क्या समझते हैं?<br>उत्तर – जो सहृदय के भावों को उद्दीप्त करे | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – स्थायी भाव से क्या अभिप्राय है?<br>उत्तर – सहृदय के हृदय में स्थायी रूप से विद्यमान भाव | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (क) | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए –<br>एक ओर अजगरहिं .......... मूरछा खाय।।<br>उत्तर – भयानक रस | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'रौद्र रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'रौद्र रस' का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'करुण रस' का स्थायी भाव क्या है?<br>उत्तर – शोक | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए –<br>विरह का .......... का जलजात।।<br>उत्तर – श्रृंगार रस / वियोग श्रृंगार रस | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – 'वीभत्स रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'वीभत्स रस' का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'हास्य रस' का स्थायी भाव लिखिए।<br>उत्तर – हास | 1 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 6 | 6 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>पानवाले के लिए ........................ निकल गया होगा। उफ़.......! | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – पानवाले के लिए क्या बात मज़ेदार थी और क्यों?<br>उत्तर –<br>• मूर्ति पर मास्टर द्वारा चश्मा बनाना भूल जाना / कैप्टन द्वारा मूर्ति पर हर बार नया चश्मा लगाना ;<br>• पान वाले का स्वभाव ऐसा था कि उसे ऐसी बातों में मज़ा आता था। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – हालदार साहब की दृष्टि में कस्बे का अध्यापक 'बेचारा' क्यों था?<br>उत्तर –<br>• वह ड्राइंग मास्टर था किंतु उसे मूर्ति बनाने का कार्य दे दिया गया था।<br>• सीमित समय में बनाने का दबाव | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – हालदार साहब ने नेताजी की प्रतिमा पर चश्मा न होने की क्या-क्या संभावनाएँ व्यक्त कीं?<br>उत्तर –<br>• पत्थर की मूर्ति पर काँच वाला पारदर्शी चश्मा कैसे बनाया जाए, तय नहीं कर पाया होगा।<br>• चश्मा बनाने का प्रयास तो किया होगा लेकिन बना नहीं पाया होगा।<br>• कुछ और बारीकी के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा।<br>• पत्थर का चश्मा अलग से बनाकर फिट किया होगा और वह निकल गया होगा।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 7 | 7 | 6 | 6 | प्रश्न - निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए - | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न - बालगोबिन भगत के गीतों का खेतों में काम करते हुए और आते-जाते नर-नारियों पर क्या प्रभाव पडता था?<br>उत्तर -<br>• रोपनी करने वालों की अँगुलियाँ एक अजीब क्रम से चलने लगती थीं।<br>• हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते थे।<br>• उनके हाथों में तेज़ी और मस्ती आ जाती थी।<br>• नर-नारी भी गुनगुनाने लगते थे।<br>• मेड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठते थे।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न - 'लखनवी अंदाज़' रचना में नवाब साहब की सनक को आप कहाँ तक उचित ठहराएँगे? क्यों?<br>उत्तर - (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न - फ़ादर बुल्के ने भारत में रहते हुए हिंदी के उत्थान के लिए क्या कार्य किए?<br>उत्तर -<br>• हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए आजीवन प्रयास करते रहे/ अकाटय तर्क प्रस्तुत करते रहे।<br>• अंग्रेज़ी-हिंदी शब्दकोश तैयार किया।<br>• मातरलिंक के प्रसिद्ध नाटक 'ब्लू बर्ड' का रूपांतर 'नीलपंछी' | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | के नाम से किया।<br>• साहित्यिक गोष्ठियों में सक्रिय भूमिका<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लेखिका के पिताजी के सकारात्मक और नकारात्मक गुणों का उल्लेख कीजिए।<br>उत्तर –<br>• महत्वाकांक्षा, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प, स्वतंत्रता आंदोलन में रुचि, स्त्री-शिक्षा को प्रोत्साहन, ज़रूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता, स्वतंत्र विचार।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>• अहंकार, शक, क्रोध, यश-लिप्सा, गोरे-काले रंग का भेदभाव, महिलाओं की आज़ादी की सीमा को तय करना, पत्नी के प्रति संवेदनहीनता, परिस्थितियों के दवाब में आ जाना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | ½ +½ +½ +½=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की गई है?<br>उत्तर – जिस प्रकार कस्तूरी मृग के भीतर ही कस्तूरी की गंध होती है और वह उसकी तलाश में भटकता रहता है उसी प्रकार बिस्मिल्ला खाँ सुरों के सच्चे ज्ञाता होते हुए भी ईश्वर से सच्चे सुर की प्रार्थना करते रहते थे। | 2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 8 | 8 | 8 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>हरि हैं राजनीति ................................. न जाहिं सताए।। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।' में निहित व्यंग्य को समझाइए।<br>उत्तर – कृष्ण गोपियों को आश्वासन देकर गए परंतु वापस नहीं आए। गोपियाँ व्यंग्य कर रही हैं कि अब वे एक राजनीतिज्ञ की तरह व्यवहार करने लगे हैं। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – श्रीकृष्ण द्वारा चुराए गए मन को वापस माँगने में निहित गोपियों की मनोव्यथा को स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• विरह वेदना की तीव्रता<br>• कृष्ण द्वारा मिलने का वादा नहीं निभाने की व्यथा<br>• गोपियों द्वारा यह जताया जाना कि अब उन्हें कृष्ण से कोई उम्मीद शेष नहीं है। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – गोपियों के अनुसार सच्चा राजधर्म क्या है? उन्होंने 'राजधर्म' का उल्लेख क्यों किया है?<br>उत्तर –<br>• प्रजा का कल्याण करना, प्रजा को अन्याय से मुक्ति दिलाना, अपनी प्रजा को संत्रस्त न करना ;<br>• राजधर्म का उल्लेख कर यह याद दिलाना कि सबके प्रति समभाव रखना उनका कर्तव्य है। वे भी उनकी प्रजा हैं। अत: उनके साथ भी अन्याय न होने देना उनका धर्म है। | 1+1=2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 9 | 9 | 9 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'अट नहीं रही है' कविता में 'उड़ने को नभ में तुम पर-पर कर देते हो' के आलोक में बताइए कि फागुन लोगों के मन को किस तरह प्रभावित करता है?<br>उत्तर –<br>• फागुन महीने में प्राकृतिक सौंदर्य चरम पर होता है।<br>• मन कल्पनाओं में खोकर उड़ान भरने लगता है।<br>• वातावरण अत्यंत सुहावना तथा मादक बन जाता है।<br>• मन खुशी तथा प्रसन्नता से भर उठता है। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – शिशु के धूलि-धूसरित शरीर को देखकर कवि नागार्जुन ने क्या कल्पना की?<br>उत्तर – तालाब छोड़कर कमल उसकी झोंपड़ी में खिल गया है। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – प्रभुता की कामना को मृगतृष्णा क्यों कहा गया है? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• जिस तरह से मृग प्यास बुझाने के लिए भटकता रहता है, उसी तरह से व्यक्ति प्रभुता की कामना में भटकता रहता है।<br>• प्रभुता या बड़प्पन का अहसास एक भ्रम है / प्रभुता की कामना सदा अतृप्त रहती है। | 2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'संगतकार' कविता में कवि ने आम लोगों से क्या अपेक्षा की है?<br>उत्तर –<br>• अपनी आवाज़ को ऊँचा न उठाने को संगतकार की कमज़ोरी या असफलता नहीं मानना चाहिए।<br>• संगतकार को यथायोग्य सम्मान देना चाहिए / संगतकार के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। | 2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – परशुराम के प्रति लक्ष्मण के व्यवहार पर अपने विचार लिखिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 2 |
| 10 | 10 | 10 | 10 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'बच्चे रोना-धोना, पीड़ा, आपसी झगड़े ज़्यादा देर तक अपने साथ नहीं रख सकते हैं।' 'माता का आँचल' पाठ के आधार पर इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – बच्चे सरल और निश्छल स्वभाव के होते हैं, वे लड़ाई-झगड़े की कटुता को अधिक देर तक अपने मन में नहीं रख सकते।<br>पाठ में उदाहरण –<br>• माँ के द्वारा भोलानाथ के बालों में कड़वा तेल डालना और उनका रोना फिर पिता के साथ बाहर जाने पर साथियों के साथ हँसना-खेलना | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • मूसन तिवारी को चिढ़ाए जाने पर गुरुजी का लड़कों की खबर लेना, भोला नाथ का रोना और साथियों के झुंड में वापस जाकर खेलना<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – जॉर्ज पंचम की लाट की टूटी नाक लगाने के क्रम में पुरातत्व विभाग की फाइलों की छानबीन की ज़रूरत क्यों आ गई? क्या उससे समाधान संभव था? क्यों?<br>उत्तर – यह पता लगाने के लिए कि लाट कब, कहाँ और किस पत्थर से निर्मित हुई।<br>(प्रश्न के दूसरे और तीसरे भाग के उपयुक्त मुक्त उत्तर के लिए अंक दें) | 1+1+1=3 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – यात्राएँ विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होने का अच्छा माध्यम हैं। 'साना-साना हाथ जोड़ि' यात्रा वृत्तांत के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।<br>उत्तर –<br>• यात्राओं से हम वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ भाषा, रीति-रिवाज़, परंपराओं, मान्यताओं से भी परिचित होते हैं।<br>• हम दूर बैठकर किसी स्थान की संस्कृति का अनुभव नहीं कर सकते।<br>उदाहरण –<br>• लेखिका ने प्रार्थना के बोल नेपाली युवती से सीखे।<br>• वहाँ के निवासियों की कड़ी मेहनत, अभाव और गरीबी को साक्षात देखा। | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • धर्म चक्र से जुड़ी आस्था और श्वेत 108 बौद्ध पताकाओं की मान्यता को जाना।<br>• सिक्किमी परिधान (बोकु) के सौंदर्य से प्रभावित हुई।<br>• पहाड़ी बच्चों को स्कूल जाने के साथ-साथ माँ-बाप का हाथ बँटाते देखा।<br>• पहाड़ी लोगों की मान्यता के अनुसार – "यहाँ देवी-देवताओं का निवास है; यहाँ जो गंदगी फैलाएगा मर जाएगा।" इस तथ्य से लेखिका का परिचित होना।<br>(कोई एक उदाहरण अपेक्षित) | 3 |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 11 | 11 | 11 | 11 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती<br>• मनाने के उद्देश्य<br>• गांधीजी का जीवन<br>• आज़ादी के आंदोलन में भूमिका<br>• प्रासंगिकता | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | महानगरीय भीड़भाड़ और मेट्रो<br>• यातायात और भीड़भाड़<br>• प्रदूषण की समस्या<br>• मेट्रो रेल की भूमिका<br>• मेट्रो के लाभ | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | ग्लोबल वार्मिंग और जन–जीवन<br>• ग्लोबल वार्मिंग का अभिप्राय<br>• ग्लोबल वार्मिंग के कारण<br>• ग्लोबल वार्मिंग से हानियाँ<br>• बचाव के उपाय<br><br>उत्तर –<br>निबंध–लेखन<br>• भूमिका और उपसंहार – 2<br>• विषयवस्तु – 4<br>• प्रस्तुति – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 2 | 10 |
| 12 | 12 | – | – | प्रश्न – सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते हुए धूम्रपान तथा उसके कारण संभावित रोगों की ओर संकेत करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को 80–100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |
| | अथवा | – | – | आपके छोटे भाई / बहन ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है। उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | 12 | – | प्रश्न – पुस्तकालय में हिंदी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें मँगवाने के लिए प्राचार्य को एक प्रार्थना–पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | अथवा | – | आपकी बड़ी बहन को चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त हो गया है। इस सफलता के लिए बधाई-पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | – | 12 | प्रश्न – यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा दो अन्य सुझाव देते हुए यातायात पुलिस आयुक्त को पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | – | अथवा | आपका छोटा भाई अनुराग परीक्षा में नकल करता पकड़ा गया, जिसके लिए उसे दंडित किया गया। उसे समझाते हुए पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।<br>उत्तर –<br><u>पत्र-लेखन</u><br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |
| 13 | 13 | – | – | प्रश्न – नगर में आयोजित होने वाली भारत की सांस्कतिक एकता प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगों को आमंत्रित करते हुए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| | अथवा | – | – | प्रदूषण से बचने के लिए जनहित में जारी एक विज्ञापन पर्यावरण विभाग की ओर से 25-50 शब्दों में लिखिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | 13 | – | प्रश्न – देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से लगभग 25–50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| | – | अथवा | – | आपके नगर में मिठाई की एक नई दुकान खुली है। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25–50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | – | 13 | प्रश्न – आपके शहर में विराट हास्य कवि सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसमें देश के प्रसिद्ध हास्य कवि आमंत्रित हैं। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25–50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | – | अथवा | रजिस्टर एवं कॉपियाँ बनाने वाली 'रचना कंपनी' के लिए उत्पाद प्रचार हेतु एक विज्ञापन लगभग 25–50 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>विज्ञापन–लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

# सैकेंडरी स्कूल परीक्षा

## फरवरी-मार्च – 2020

## अंक-योजना – हिंदी 'अ' कोड संख्या 3/2/1 - 2, 3

## SUBJECT CODE: 002

**सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।**

**विशेष निर्देश :**

**परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अत: यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्नपत्र में दिए गए दक्षता आधारित(competency based) दो प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×)। मूल्यांकन कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायींओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या (×) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>पड़ोस सामाजिक जीवन ....................................... निभाना सीखें। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – सामाजिक जीवन में पड़ोस का क्या महत्व है?<br>उत्तर –<br>• सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण आधार<br>• सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए पड़ोस आवश्यक | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – पड़ोसी के साथ संबंध रखना हमारे हित में किस तरह से है?<br>उत्तर – किसी भी आकस्मिक आपदा या किसी ज़रूरत में पड़ोसी ही सहायक | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – हमें पड़ोसी से निभाने के लिए क्या-क्या करना चाहिए?<br>उत्तर –<br>• प्रेमपूर्ण संबंध रखना<br>• उसके सुख-दुख में शामिल होना<br>• सदा प्यार एवं सहानुभूति का व्यवहार करना<br>(कोई भी दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'विश्वस्त सहायक' से क्या अभिप्राय है? पड़ोसी को विश्वस्त सहायक क्यों कहा गया है? | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – विश्वस्त सहायक वह होता है जिस पर पूर्ण विश्वास किया जा सकता है। पड़ोसी ही संकट के समय ज़रूरत पड़ने पर सहायता करता है। | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – लेखक ने विश्व-बंधुत्व की बात किस संदर्भ में की है?<br>उत्तर – अपने पड़ोसी से अच्छे संबंध निभाने के संदर्भ में | 1 |
| | (च) | (च) | (च) | प्रश्न – उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।<br>उत्तर – पड़ोसी का महत्व / अच्छा पड़ोसी / पड़ोसी से अच्छे संबंध (कोई अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 2 | 2 (क) | 2 – | 2 – | प्रश्न – निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –<br>प्रश्न – उसके एक इशारे पर लड़कियाँ कक्षा से बाहर निकलकर नारे लगाने लगीं। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – उसके एक इशारे पर लड़कियाँ कक्षा से बाहर निकलीं और नारे लगाने लगीं। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – उन्होंने जेब से चाकू निकाला और खीरा काटने लगे। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर –वे जेब से चाकू निकालकर खीरा काटने लगे। | 1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')　　　　　　　　　　　　　　　　　कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – हालदार साहब को उधर से गुज़रते समय मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – जब हालदार साहब उधर से गुज़र रहे थे, तब उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – बालगोबिन भगत जानते थे कि अब बुढ़ापा आ गया है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य – अब बुढ़ापा आ गया है<br>भेद – संज्ञा आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – जैसे बत्ती हरी हुई वैसे ही सारे वाहन चल पड़े। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – बत्ती हरी हुई और सारे वाहन चल पड़े। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – वे दिल्ली में बीमार रहे और पता नहीं चला। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – दिल्ली में उनके बीमार रहने का पता नहीं चला। | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – वे रिश्ता बनाकर तोड़ते नहीं थे। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – यदि वे रिश्ता बनाते थे तो तोड़ते नहीं थे। /<br>जब वे रिश्ता बनाते थे तब तोड़ते नहीं थे। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – शकुंतला ने जो कटु वाक्य दुष्यंत को कहे, वह इस पढ़ाई का ही दुष्परिणाम था। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/　　　Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – आश्रित उपवाक्य – शंकुतला ने जो कटु वाक्य दुष्यंत को कहे<br>भेद – विशेषण आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – जादूगर का जादू देखकर दर्शक दंग रह गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – दर्शकों ने जादूगर का जादू देखा और दंग रह गए। /<br>दर्शकों ने जादूगर का जादू देखा इसलिए दंग रह गए। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – नवाब साहब ने तौलिया झाड़ा और सामने बिछा लिया। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – नवाब साहब ने तौलिया झाड़कर सामने बिछा लिया। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – खीरे के स्वाद के आनंद में नवाब साहब की पलकें मुँद आईं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर– जब खीरे के स्वाद का आनंद आया, तब नवाब साहब की पलकें मुँद आईं। /<br>खीरे के स्वाद का जो आनंद था उसमें नवाब साहब की पलकें मुँद आईं। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – मैं नहीं जानता कि इस संन्यासी ने कभी क्या सोचा था। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)<br>उत्तर – संज्ञा आश्रित उपवाक्य | 1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 3 | 3 | 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – माँ द्वारा भिखारी को भोजन दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर– माँ ने भिखारी को भोजन दिया। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न –वह कालीन बुनता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – उसके द्वारा कालीन बुना जाता है। | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – आओ, अब चलते हैं। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – आओ, अब चला जाए। | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – पुलिस के द्वारा चेतावनी दी गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – पुलिस ने चेतावनी दी। | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – दुकानदार द्वारा उचित मूल्य लिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – दुकानदार ने उचित मूल्य लिया। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – महात्मा गांधी ने राष्ट्र को शांति और अहिंसा का संदेश दिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – महात्मा गांधी द्वारा राष्ट्र को शांति और अहिंसा का संदेश दिया गया। | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – मच्छरों के कारण हम रातभर सो न सके। (भाववाच्य में बदलिए) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – मच्छरों के कारण हमसे रातभर सोया न गया / जा सका। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – गाइड द्वारा हमें सब कुछ समझा दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर– गाइड ने हमें सब कुछ समझा दिया। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – बस की खिड़की से न झाँकें। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – बस की खिड़की से न झाँका जाए। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – धर्मगुरु ने कामिल बुल्के की बात मान ली। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – धर्मगुरु द्वारा/ के द्वारा कामिल बुल्के की बात मान ली गई। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – तुम पढ़ क्यों नहीं सकते? (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – तुम्हारे द्वारा पढ़ा क्यों नहीं जा सकता /<br>तुमसे पढ़ा क्यों नहीं जा सकता? | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – उससे उठा-बैठा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – वह उठ-बैठ नहीं पाता / सकता। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।<br>(पदनाम सही होने पर ही किसी एक अन्य सही बिंदु पर अंक दिए जाएँ) | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (क) | – | – | प्रश्न – वीरों की सदा जीत होती है।<br>उत्तर – सदा - क्रियाविशेषण (कालवाचक), 'जीत होती है' क्रिया का विशेषण | ½+½=1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – बच्चे की मुस्कान मनमोहक होती है।<br>उत्तर – मुस्कान - संज्ञा (भाववाचक), स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक | ½+½=1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – प्रत्येक का अपना महत्व होता है।<br>उत्तर – अपना - विशेषण (सार्वनामिक), पुल्लिंग, एकवचन, 'महत्व' - विशेष्य | ½+½=1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – चलते-चलते लड़खड़ाने पर सहयोगी उसे सँभालते हैं।<br>उत्तर – चलते-चलते - क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'लड़खड़ाना' क्रिया का विशेषण | ½+½=1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – आशिमा दसवीं कक्षा में पढ़ती है।<br>उत्तर – आशिमा - संज्ञा (व्यक्तिवाचक), स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक | ½+½=1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – वाह, तुमने अच्छा काम किया।<br>उत्तर – वाह - विस्मयादिबोधक, हर्षसूचक | ½+½=1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – शिक्षक के साथ एक शिष्य भी आता है। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उत्तर – एक – विशेषण (संख्यावाचक), पुल्लिंग, एकवचन, 'शिष्य' – विशेष्य | ½+½=1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – तुम किस कक्षा में पढ़ते हो?<br>उत्तर – तुम – सर्वनाम (पुरुषवाचक), मध्यम पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक | ½+½=1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – पानवाला नया पान खा रहा था।<br>उत्तर – नया – विशेषण (गुणवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, 'पान' – विशेष्य | ½+½=1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – यह साइकिल मेरे बड़े भाई की है।<br>उत्तर – यह – विशेषण (सार्वनामिक), स्त्रीलिंग, एकवचन, 'साइकिल' – विशेष्य | ½+½=1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – माँ की याद आती है।<br>उत्तर – माँ की – संज्ञा (जातिवाचक), स्त्रीलिंग, एकवचन, संबंधकारक | ½+½=1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – मधुर गान तो सदा ही सुनने को मिलते।<br>उत्तर – सदा ही – क्रियाविशेषण (कालवाचक), 'मिलते' क्रिया का विशेषण | ½+½=1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए – छोड़ो मत अपनी .................................... व्योम ही फट जाए। उत्तर – वीर रस | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – 'शृंगार रस' का एक उदाहरण लिखिए। उत्तर – कोई भी एक उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य। | 1 |
| | (ग) | (ग) | – | प्रश्न – 'क्रोध' किस रस का स्थायी भाव है? उत्तर – 'रौद्र रस' का | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – विभाव किसे कहते हैं? उत्तर – स्थायी भाव को जाग्रत करने वाले कारण को | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – हास्य रस का स्थायी भाव क्या है? उत्तर – हास | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए – हाथ में घाव थे ........................................ मन भर जाता। उत्तर – वीभत्स रस | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए। उत्तर – कोई भी एक उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य। | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (क) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए –<br>हाथी जैसी देह है ...................................... से गाल।<br>उत्तर – हास्य रस | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – 'अद्भुत रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – कोई भी एक उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है?<br>उत्तर – वीर रस का | 1 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 6 | 6 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>मुफ़स्सिल की पैसेंजर ...................................... संकोच में हों। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न– लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा?<br>उत्तर –<br>• भीड़ से बचने के लिए<br>• नई कहानी के संबंध में सोच सकने के लिए<br>• कम दूरी की यात्रा के कारण<br>• खिड़की से प्राकृतिक दृश्य देखने की लालसा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – लेखक ने जिस अनुमान के लिए सेकंड क्लास का टिकट खरीदा था, वह गलत कैसे निकला?<br>उत्तर –अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा पूरी तरह से खाली नहीं था। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | डिब्बे की एक सीट पर पालथी मारे एक सफ़ेदपोश सज्जन बैठे थे। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – डिब्बे में बैठे सज्जन ने लेखक के आने पर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की और लेखक ने उनके व्यवहार से क्या अनुमान लगाया?<br>उत्तर –<br>• चिंतन में बाधा पड़ने का असंतोष प्रकट किया / संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया ;<br>• कहानी के लिए किसी सूझ की चिंता में होने का / खीरे जैसी साधारण वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में होने का | 1+1=2 |
| 7 | 7 | 6 | 6 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'पानवाला एक हँसमुख स्वभाव वाला व्यक्ति है, परंतु उसके हृदय में संवेदना भी है।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ।) | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – गर्मियों की उमस भरी शाम को भी बालगोबिन भगत किस प्रकार शीतल और मनमोहक बना देते थे?<br>उत्तर –<br>• संगीत प्रेमियों के साथ तन्मयतापूर्वक गीत गाकर एवं नाचकर<br>• एक लय एवं ताल के साथ खंजरियों एवं करतालों जैसे वाद्ययंत्रों को बजाकर | 2 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – फ़ादर बुल्के की मृत्यु से लेखक आहत क्यों था?<br>उत्तर –<br>• फ़ादर के साथ आत्मीयता का संबंध<br>• फ़ादर बुल्के जैसे संवेदनशील व्यक्ति की ज़हरबाद के कारण कष्टदायी मृत्यु | 2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – मन्नू भंडारी के पिता ने अपनी आर्थिक विवशताएँ कभी बच्चों को क्यों नहीं बताई होंगी?<br>उत्तर –<br>• आत्मसम्मान की भावना, बच्चों के सामने अपनी असमर्थता / आर्थिक परेशानियों को व्यक्त करना उनके सम्मान के विरुद्ध<br>• अहंवादी प्रवृत्ति<br>• बच्चों को अपनी परेशानियों में भागीदार बनाने से परहेज़।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ जीवनभर ईश्वर से क्या माँगते रहे और क्यों? इससे उनकी किस विशेषता का पता चलता है?<br>उत्तर –<br>• मधुर व सच्चा स्वर ;<br>• सीखने की तीव्र इच्छा, क्योंकि वे स्वयं को पूरी तरह से पूर्ण नहीं मानते थे ;<br>• विनम्रता / ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति / सीखने की लालसा | ½ +½ +1= 2 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 8 | 9 | 10 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>बादल, गरजो! ............................................... बादल, गरजो! | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – कवि बादलों से क्या आग्रह कर रहा है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• तीव्र गर्जना के साथ बरसने का ;<br>• क्रांति के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के लिए | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – बादलों का सौंदर्य स्पष्ट करते हुए बताइए कि उनकी तुलना किससे की गई है।<br>उत्तर –<br>• बादल काले-घुँघराले बालों जैसे काले-काले और सुंदर, बिजली की शोभा धारण करने वाले तथा नवीन सृष्टि / परिवर्तन करने वाले<br>• बच्चों की कल्पना जैसे | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – कवि के अनुसार नूतन कविता कैसी होनी चाहिए?<br>उत्तर –<br>• क्रांति का संदेश देने वाली<br>• समाज में परिवर्तन लाने वाली<br>• नवीन प्रेरणा देने वाली<br>• नवजीवन प्रदान करने वाली<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 9 | 9 | 10 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – परशुराम विश्वामित्र से लक्ष्मण की शिकायत किन शब्दों में करते हैं?<br>उत्तर – • मंदबुद्धि, कुटिल एवं निरंकुश<br>• सूर्यवंश रूपी चँद्रमा पर कलंक के समान<br>• मर्यादारहित<br>• अपने ही कुल का नाश करने वाला<br>• वध योग्य<br>• कठोर / कड़वा बोलने वाला<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | ½ +½ +½ +½ =2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – 'छाया मत छूना' कविता में 'जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?<br>उत्तर –<br>• यश, वैभव, मान-सम्मान आदि दिखावा मात्र, जीवन का सच नहीं<br>• इनको पाने के लिए व्यक्ति जितनी कोशिश करता है, उतना ही उससे दूर होता जाता है। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में 'बाँस और बबूल' किसके प्रतीक हैं?<br>उत्तर –<br>• कठोर एवं निष्ठुर हृदय वाले लोगों के<br>• कवि के | 1+1=2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'कन्यादान' कविता में माँ की सोच परंपरागत माँ से कैसे भिन्न है?<br>उत्तर –<br>• परंपरागत सोच – हर परिस्थिति में सहनशीलता का व्यवहार करना ;<br>• माँ द्वारा बेटी को हिम्मत और साहस का पाठ पढ़ाना<br>• नारी के प्रति हो रहे शोषण के लिए सजग एवं सचेत करना<br>• सूझबूझ के साथ जीवन जीने तथा सबल बने रहने की प्रेरणा देना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – संगतकार की आवाज़ में हिचक क्यों सुनाई देती है?<br>उत्तर –<br>• मुख्य गायक के प्रति सम्मान का भाव<br>• मुख्य गायक की प्रतिष्ठा का ठेस न पहुँचाना<br>• मनुष्यता की भावना<br>• विनम्रता का भाव<br>• जानबूझकर अपनी आवाज़ को नीचे रखने का प्रयास<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| 10 | 10 | 8 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – भोलानाथ संकट के समय में अपने पिता के पास न जाकर माता के पास क्यों जाता है? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर –<br>• विषम परिस्थितियों में माँ का आँचल सबसे सुरक्षित स्थान<br>• माँ और बच्चे में भावनात्मक जुड़ाव<br>• माँ की ममता और सान्निध्य किसी भी कष्ट या भय को दूर करने में सक्षम<br>• माँ के सान्निध्य में आनंद का अनुभव<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विस्तार अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – इंग्लैंड की महारानी के हिंदुस्तान आगमन पर अखबार क्या-क्या छाप रहे थे और रानी के आने के दिन वे चुप क्यों रह गए?<br>उत्तर –<br>• महारानी के स्वागत के लिए होने वाली तैयारियाँ<br>• दौरे के दौरान उनके द्वारा पहने जाने वाले वस्त्र<br>• महारानी की जन्मपत्री, नौकरों, खानसामों, बावर्चियों एवं अंगरक्षकों की जानकारी<br>• शाही महल में रहने और पलने वाले कुत्तों की तस्वीरें;<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का विस्तार अपेक्षित)<br>• अखबारों द्वारा ज़िंदा व्यक्ति की नाक लगाए जाने का प्रतीकात्मक विरोध / महारानी के आगमन को अहमियत न देना / पत्रकारिता की सही दिशा और सकारात्मक भूमिका की ओर संकेत / मानसिक गुलामी से मुक्त होने का संकेत<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 2+1=3 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'सेवन सिस्टर्स वाटर फॉल' को देख लेखिका ने अपनी भावनाओं को कैसे अभिव्यक्त किया है? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• अलौकिक आनंद की अनुभूति<br>• अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य के बीच दिव्यता एवं जीवन शक्ति का अहसास<br>• मन की तामसिक प्रवृत्तियों का झरने की निर्मल धारा में बह जाना<br>• मन की भावनाओं का काव्यमय हो जाना<br>• जीवन की अनंतता का अहसास<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विस्तार अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 11 | 11 | 11 | 11 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्लास्टिक मुक्त भारत<br>• हानियाँ<br>• विकल्प क्या हो<br>• किए जा रहे प्रयास | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | आत्मविश्वास और सफलता<br>• आत्मविश्वास से तात्पर्य<br>• आत्मविश्वास सफलता के लिए क्यों आवश्यक<br>• अहंकार और आत्मविश्वास में अंतर | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | मातृभाषा के प्रति अभिरुचि<br>• मातृभाषा से तात्पर्य<br>• घटती रुचि के कारण<br>• रुचि कैसे बढ़े<br><br>उत्तर –<br><u>निबंध-लेखन</u><br>• भूमिका और उपसंहार – 2<br>• विषयवस्तु – 4<br>• प्रस्तुति – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 2 | 10 |
| 12 | 12 | – | – | प्रश्न – स्वरचित कविता प्रकाशित करवाने के लिए अनुरोध करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | अथवा | – | – | आपके मित्र के पिता सीमा पर शहीद हो गए। अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए मित्र को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | 12 | – | प्रश्न – नगर में बढ़ती भीड़-भाड़ के कारण परिवहन की जटिल समस्या के हल के लिए सड़कों को और अधिक चौड़ा किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | अथवा | – | वाद-विवाद प्रतियोगिता में पहली बार भाग लेने तथा पुरस्कार पाने का अनुभव बताते हुए अपने मित्र को पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | – | 12 | प्रश्न – बिजली विभाग के अधिकारी को बिजली बिल की शिकायत करते हुए लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |
| | – | – | अथवा | आप अंतर्विद्यालयी क्रिकेट के लिए अपने विद्यालय की टीम के कप्तान चुने गए हैं। इस आशय की सूचना देते हुए अपने पिताजी को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए।<br>उत्तर –<br><u>पत्र-लेखन</u><br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |
| 13 | 13 | – | – | प्रश्न – टूथपेस्ट बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | अथवा | – | – | पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | 13 | – | प्रश्न – आपके मुहल्ले में एक संगीत संध्या का आयोजन होने जा रहा है। इसके अधिकाधिक प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | अथवा | – | 'मोबाइल रिपेयर' नाम से सब प्रकार के मोबाइलों को ठीक करने का दावा करने वाली एक नई दुकान खुली है। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | – | 13 | प्रश्न – विद्यालय में वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | – | अथवा | हेलमेट बनाने वाली एक कंपनी के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>विज्ञापन-लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**सैकेंडरी स्कूल परीक्षा**

**फरवरी-मार्च – 2020**

**अंक-योजना – हिंदी 'अ' कोड संख्या 3/3/1 - 2, 3**

**SUBJECT CODE: 002**

**सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।**

**विशेष निर्देश :**

**परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अतः यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्नपत्र में दिए गए दक्षता आधारित(competency based) दो प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×)। मूल्यांकन कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायींओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या (×) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>किसी भी देश या ............................................ सावधान किया जा सकता है। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार क्या होता है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• वहाँ के निवासियों की सच्चरित्रता, परिश्रमशीलता और नैतिक मूल्य ;<br>• इनके अभाव में समाज का पतन होता है। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – भ्रष्टाचार का क्या आशय है और उसके बढ़ने के क्या कारण हैं?<br>उत्तर –<br>• आशय - मर्यादा से हटकर दूषित आचरण<br>• कारण - स्वार्थ, लोभ और बेईमानी | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – भ्रष्टाचार से समाज कैसे प्रभावित है?<br>उत्तर –<br>• समाज का पतन होता जा रहा है।<br>• हमारे देश को खोखला करता जा रहा है। | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – इस समस्या का समाधान कैसे हो सकता है?<br>उत्तर – कठोर कानूनी नियंत्रण एवं सच्चरित्रता के प्रति प्रतिबद्धता द्वारा | 2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – भ्रष्टाचार के माता-पिता कौन हैं?<br>उत्तर – माता - स्वार्थ-लिप्सा<br>पिता - भौतिक ऐश्वर्य | ½+½=1 |
| | (च) | (च) | (च) | प्रश्न – उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।<br>उत्तर – भ्रष्टाचार / भ्रष्टाचार की समस्या<br>(कोई अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 2 | 2 | 2 | 2 | प्रश्न – निर्देशानुसार उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – फ़िल्म शुरू होते ही दर्शक शांत हो गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – फ़िल्म शुरू हुई और दर्शक शांत हो गए। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – जब मज़दूरों को बोनस नहीं मिला, तो वे हड़ताल पर चले गए। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – बोनस न मिलने पर/के कारण मज़दूर हड़ताल पर चले गए। | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – अच्छी कविताएँ भविष्य के लिए कुछ संदेश भी देती हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – वे कविताएँ अच्छी होती हैं जो भविष्य के लिए कुछ संदेश भी देती हैं। /<br>जो अच्छी कविताएँ होती हैं वे भविष्य के लिए कुछ संदेश भी देती हैं। | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (घ) | – | – | प्रश्न – मूर्ति की आँखों पर सरकंडे से बना छोटा-सा चश्मा रखा हुआ था, जैसा बच्चे बना लेते हैं। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य – जैसा बच्चे बना लेते हैं<br>भेद – विशेषण आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – मैंने पुस्तकालय जाकर प्रेमचंद द्वारा लिखित 'गोदान' उपन्यास पढ़ा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – मैं पुस्तकालय गया और प्रेमचंद द्वारा लिखित 'गोदान' उपन्यास पढ़ा। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – उसने हेलमेट नहीं लगाया था, इसलिए उसका चालान किया गया। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – हेलमेट न लगाने के कारण उसका चालान किया गया। | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – एक मान्यता के अनुसार उनका जन्म मथुरा के निकट रुनकता में हुआ था। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – एक मान्यता है कि उनका जन्म मथुरा के निकट रुनकता में हुआ था। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – कभी-कभी लगता है कि <u>वे संकल्प से संन्यासी नहीं थे</u>। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)<br>उत्तर – संज्ञा आश्रित उपवाक्य | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (क) | प्रश्न – गौरैया ने तिनका-तिनका जोड़कर घर बनाया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – गौरैया ने तिनका-तिनका जोड़ा और घर बनाया। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – हमें फ़िल्म देखनी थी इसलिए सिनेमाघर गए। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – हम फ़िल्म देखने सिनेमाघर गए। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – झूठ बोलने वालों पर कोई विश्वास नहीं करता। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – जो झूठ बोलते हैं उन पर कोई विश्वास नहीं करता। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – पिताजी को अहसास नहीं था कि <u>दोनों का रास्ता टकराहट का है</u>। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)<br>उत्तर – संज्ञा आश्रित उपवाक्य | 1 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – उद्धव ने ज्ञान का उपदेश दिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – उद्धव द्वारा / के द्वारा ज्ञान का उपदेश दिया गया। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – हरे-भरे पेड़ों को नहीं काटा जा सकता। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – हरे-भरे पेड़ नहीं काट सकते। | 1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – अनुज प्रतिदिन दूसरों की मदद करता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – अनुज द्वारा / के द्वारा प्रतिदिन दूसरों की मदद की जाती है। | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – इस गंदगी में मैं नहीं रह सकता। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – इस गंदगी में मुझसे नहीं रहा जा सकता / जाता। | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – सभी दर्शकों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – सभी दर्शकों द्वारा / के द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा की गई। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – कॉलेज वालों के द्वारा शीला अग्रवाल को नोटिस थमा दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – कॉलेज वालों ने शीला अग्रवाल को नोटिस थमा दिया। | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – मन्नू घर की चारदीवारी के भीतर नहीं बैठ सकती थी। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – मन्नू से घर की चारदीवारी के भीतर नहीं बैठा जा सकता था। /<br>मन्नू द्वारा / के द्वारा घर की चारदीवारी के भीतर नहीं बैठा जाता था। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – हमें असहाय और असुरक्षित बना दिया गया है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – हमें असहाय और असुरक्षित बना दिया है। | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (क) | प्रश्न – स्वाधीनता की चेतना विकसित करने के लिए स्वदेशी चिंतन को व्यापक बनाया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – स्वाधीनता की चेतना को विकसित करने के लिए स्वदेशी चिंतन को व्यापक बनाया। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – हालदार साहब नहीं रुके। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – हालदार साहब से / द्वारा / के द्वारा नहीं रुका गया। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – फ़ादर रिश्ते बनाकर तोड़ते नहीं थे। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – फ़ादर द्वारा / के द्वारा रिश्ते बनाकर तोड़े नहीं जाते थे। / रिश्ते बनाकर फ़ादर से तोड़े नहीं जाते थे। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – अध्यापिका द्वारा आज हमें नया पाठ पढ़ाया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – अध्यापिका ने आज हमें नया पाठ पढ़ाया। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए –<br>(पद नाम सही होने पर ही एक अन्य बिंदु के लिए अंक दें) | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – <u>हम</u> पार्क में गए परंतु वहाँ कोई बच्चा न मिला।<br>उत्तर – हम - सर्वनाम (पुरुषवाचक), पुल्लिंग/स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक | ½+½=1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – हम जीवन में सोचते कुछ हैं, <u>परंतु</u> होता कुछ और है।<br>उत्तर – परंतु - समुच्चयबोधक, दो उपवाक्यों को जोड़ने वाला | ½+½=1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – ये बच्चे सुबह-शाम पार्क में व्यायाम करते हैं।<br>उत्तर – पार्क में - संज्ञा (जातिवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक | ½+½=1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – कृष्ण की सुंदर आकृति सबको मोह लेती है।<br>उत्तर – सुंदर - विशेषण (गुणवाचक), स्त्रीलिंग, एकवचन, 'आकृति' - विशेष्य | ½+½=1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – लक्ष्मण ने अपनी वीरता प्रदर्शित की।<br>उत्तर – लक्ष्मण ने - संज्ञा (व्यक्तिवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक | ½+½=1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – शिक्षिका प्रतिदिन समाचार-पत्र पढ़ती हैं।<br>उत्तर – पढ़ती हैं - क्रिया (सकर्मक), आदरार्थक बहुवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल, कर्म - 'समाचार-पत्र' | ½+½=1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – वे यहाँ नहीं रहते हैं।<br>उत्तर – यहाँ - क्रियाविशेषण (स्थानवाचक), 'रहते हैं' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – हमारे देश में अनेक प्रतापी राजा हुए।<br>उत्तर – अनेक - विशेषण (अनिश्चित संख्यावाचक), पुल्लिंग, बहुवचन, 'राजा' - विशेष्य | ½+½=1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (क) | प्रश्न – मूर्ति के चेहरे पर चश्मा न था।<br>उत्तर – मूर्ति – संज्ञा (जातिवाचक), स्त्रीलिंग, एकवचन, संबंध कारक | ½+½=1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – धीरे से पानवाले से पूछा।<br>उत्तर – धीरे से – क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'पूछा' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – पत्थर से पारदर्शी चश्मा कैसे बनता!<br>उत्तर – पत्थर से – संज्ञा (जातिवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, करण कारक | ½+½=1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – हमने उन्हें क्रोध में कभी नहीं देखा।<br>उत्तर – हमने – सर्वनाम (पुरुषवाचक), पुल्लिंग/स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक | ½+½=1 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए –<br>अखिल भुवन चर .................................. दृग पुलकातु।<br>उत्तर – अद्‌भुत रस | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – 'करुण रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'करुण रस' का कोई उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – 'श्रृंगार रस' का स्थायी भाव लिखिए।<br>उत्तर – रति | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'निर्वेद' किस रस का स्थायी भाव है?<br>उत्तर – शांत रस | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – रस की निष्पत्ति में किन तीन भावों का सहयोग होता है?<br>उत्तर – विभाव, अनुभाव, संचारी भाव | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए –<br>कुत्तों को मिलता दूध ............................ रात बिताते हैं।<br>उत्तर– करुण रस | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'हास्य रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'हास्य रस' का कोई उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'भयानक रस' का स्थायी भाव क्या है?<br>उत्तर – भय | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए –<br>जसोदा हरि पालने .............................. कछु गावै।<br>उत्तर – वत्सल / वात्सल्य रस | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – 'भयानक रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – भयानक रस का कोई उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'वीभत्स रस' का स्थायी भाव लिखिए।<br>उत्तर – जुगुप्सा / घृणा | 1 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 6 | 6 | 8 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>मैं नहीं जानता इस ........................................... श्रद्धानत हूँ। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – गद्यांश में संन्यासी किसे कहा गया है और उसकी तुलना कैसे वृक्ष से और क्यों की गई है?<br>उत्तर –<br>• फ़ादर कामिल बुल्के ;<br>• छायादार फल–फूल गंध से युक्त वृक्ष से तुलना ;<br>• उनके उच्च व्यक्तित्व, सौहार्दपूर्ण स्नेह से सुख-शांति मिलती थी। | ½+½+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – लेखक के मन में फ़ादर की स्मृति कैसी बनी रहेगी?<br>उत्तर – किसी यज्ञ की पवित्र आग की आँच की तरह | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है।' ऐसा लेखक ने क्यों कहा?<br>उत्तर – फ़ादर बुल्के की मृत्यु होने पर रोने वाले परिचितों, मित्रों और साहित्यकारों की संख्या इतनी अधिक थी कि उनके नामों को | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/





| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | लिखना समय-कागज़ की बरबादी थी। | 2 |
| 7 | 7 | 9 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ शहनाई का घंटों रियाज़ करते थे। इससे विद्यार्थियों को क्या सीख ग्रहण करनी चाहिए और क्यों?<br>उत्तर – निरंतर प्रयत्नशील, अभ्यासरत रहने की सीख, निरतंर प्रयत्नशील रहने और अभ्यास से मनोवांछित सफलता प्राप्त की जा सकती है।<br>(अन्य संदर्भगत मुक्त उत्तर पर भी अंक दिए जाएँ) | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – हालदार साहब द्वारा ड्राइवर को चौराहे पर न रुकने का निर्देश कब और किस विचार के कारण दिया गया था?<br>उत्तर –<br>• कैप्टन की मृत्यु के बाद कस्बे के चौराहे से गुज़रते समय;<br>• वे कस्बे के चौराहे पर लगी नेताजी की चश्मा-विहीन मूर्ति को नहीं देखना चाहते थे। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – मन्नू भंडारी की ऐसी कौन-सी खुशी थी जो प्रथम स्वतंत्रता दिवस की खुशी में समाकर रह गई?<br>उत्तर – कॉलेज प्रबंधन के द्वारा बंद की गई 'थर्ड इयर' की कक्षाएँ पुन: शुरू करने और लेखिका तथा उसकी सहेलियों के निलंबन को रद्द करने से मिली खुशी | 1+1=2 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – नवाब साहब द्वारा लेखक से बातचीत की उत्सुकता न दिखाने पर लेखक ने क्या किया?<br>उत्तर – नवाब साहब के सामने की बर्थ पर बैठकर उन्हें अनदेखा किया और कोई अहमियत नहीं दी। | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – " 'बालगोबिन भगत' अपनी सब चीज़ें साहब की मानते थे", उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – खेत में जो कुछ पैदा होता था उसे 'कबीर साहब' के दरबार / मठ में अर्पित करते थे, वहाँ से जो कुछ प्रसाद-स्वरूप मिलता था उसी में गुज़ारा करते थे। | 2 |
| 8 | 8 | 6 | 6 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>माँ ने कहा पानी ....................................... दिखाई मत देना। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – माँ ने अपनी बेटी को आग के सदुपयोग की सीख कैसे और क्यों दी?<br>उत्तर –<br>• आग भोजन बनाने के लिए है न कि आत्मदाह या हत्या का शिकार बनने के लिए;<br>• बेटी अभी सयानी नहीं थी / विषम परिस्थिति, संकट आदि का सामना करने के लिए / सुरक्षित भविष्य के लिए। | 1+1=2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – कवि ने वस्त्र और आभूषणों को शाब्दिक भ्रम किसलिए कहा है?<br>उत्तर – वस्त्र और आभूषण प्रशंसा भरे शब्दों की तरह छलावा दे सकते हैं। इनके आकर्षण में बँधकर स्त्रियाँ अपना अस्तित्व खो सकती हैं। लोग वस्त्र और आभूषण का लालच देकर झाँसा दे सकते हैं। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – लड़की की तरह कोमलता, स्नेह, सहिष्णुता, दयालुता, करुणा आदि गुणों से संपन्न रहना किंतु विषम परिस्थिति में भी कमज़ोर न पड़ना। | 2 |
| 9 | 9 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – लक्ष्मण ने अपने कुल की किस विशेषता का उल्लेख किया है? क्यों?<br>उत्तर –<br>• देवताओं, ब्राह्मणों, गाय व हरिभक्तों पर हथियार नहीं उठाया जाता;<br>• मारने से पाप लगता है, हारने से अपयश मिलता है। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – मिट्टी की उर्वरा शक्ति को कैसे बढ़ाया जा सकता है? 'फ़सल' कविता के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर के लिए अंक दिए जाएँ।) | 2 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'उत्साह' कविता में कवि ने बादल के किन रूपों की चर्चा की है? स्पष्ट करके लिखिए।<br>उत्तर –<br>• उत्साह और क्रांति का प्रतीक<br>• नवजीवन और शक्ति का प्रतीक<br>• बाल कल्पना जैसे<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है' पंक्ति में कवि हमें किस यथार्थ एवं सत्य से अवगत कराना चाहता है? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर – जैसे चाँदनी रात के बाद काली रात का आगमन होता है वैसे ही सुख के बाद दुख आता है। | 2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – 'संगतकार' कविता में संगतकार को त्याग की मूर्ति कैसे कहा जा सकता है?<br>उत्तर –<br>• सक्षम होते हुए भी अपनी आवाज़ मुख्य गायक की आवाज़ से नीचे रखता है।<br>• श्रेय की चाह किए बिना अपना योगदान देता है। | 1+1=2 |
| 10 | 10 | 10 | 10 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ के शीर्षक की सार्थकता इस पाठ की किस घटना में निहित है? | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – रोज़मर्रा के सभी काम पिता के साथ करते हुए भी साँप से भयभीत होकर भोलानाथ दौड़ते हुए घर आकर माँ के आँचल में छिप जाता है और स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। | 3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर उस घटनाक्रम का उल्लेख कीजिए, जिसके कारण आपाधापी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। यदि आप सर्वोच्च पद पर होते तब आप ऐसी परिस्थिति का सामना कैसे करते?<br>उत्तर – रानी एलिजाबेथ का आना और जॉर्ज पंचम की मूर्ति की टूटी नाक ;<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए संदर्भगत मुक्त उत्तर के लिए अंक दिए जाएँ) | 1+2=3 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – भारत का स्विट्ज़रलैंड किसे कहते हैं और क्यों? 'साना-साना हाथ जोड़ि .....' पाठ के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• कटाओ को ;<br>• बेहद शांत, सुरम्य, बर्फ़ से ढके पहाड़, धुंध, स्वर्गिक सौंदर्य<br>• प्राकृतिक सौंदर्य का अपने मूल स्वरूप में कायम रहना। | 1+1+1=3 |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 11 | 11 | 11 | 11 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए – | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (क) | (क) | (क) | सिकुड़ते वन : बिगड़ता पर्यावरण<br>• सिकुड़ने के कारण<br>• पर्यावरण संतुलन के लिए वन<br>• समाधान | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | सिनेमा और युवा पीढ़ी<br>• मनोरंजन के साधन<br>• युवाओं में बढ़ता फैशन<br>• अपराध और अश्लीलता | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | नैतिक मूल्यों के उत्थान में शिक्षा की भूमिका<br>• शिक्षा का सही उद्देश्य<br>• शिक्षा के माध्यम से नैतिक मूल्य<br>• नैतिक मूल्यों में गिरावट<br>उत्तर –<br><u>निबंध-लेखन</u><br>• भूमिका और उपसंहार – 2<br>• विषय-वस्तु – 4<br>• प्रस्तुति – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 2 | 10 |
| 12 | 12 | – | – | प्रश्न – बाढ़ग्रस्त लोगों की सहायता के लिए विद्यालय के छात्रों से धन एवं कपड़े एकत्रित करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य को एक प्रार्थना पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | अथवा | – | – | पी. वी. सिंधू ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया। उसे एक बधाई पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | 12 | – | प्रश्न – प्लास्टिक की चीज़ों से हो रही हानि के बारे में किसी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखकर अपने सुझाव दीजिए। | |
| | – | अथवा | – | अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | – | 12 | प्रश्न – आपके निकट की सड़कों पर कुछ खतरनाक गति अवरोधक हैं, जिनके कारण अनेक सड़क दुर्घटनाएँ हुई हैं। सड़क परिवहन विभाग के अधिकारी को सुझाव देते हुए पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | – | अथवा | नित्य प्रात:काल उठकर खुली हवा में घूमने और व्यायाम करने की सलाह देते हुए अपने छोटे भाई / बहन को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।<br>उत्तर –<br>पत्र-लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/3/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 13 | 13 | – | – | प्रश्न – आपके शहर में 'विश्व पुस्तक मेले' का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | अथवा | – | – | 'पल्स पोलियो' अभियान हेतु जागरूकता लाने के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | 13 | – | प्रश्न – कार ड्राइविंग सिखाने वाले नए स्कूल 'सार्थक कार ड्राइविंग सेंटर' के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | अथवा | – | 'गणपति पुस्तक भंडार' में पुस्तकों की बिक्री बढ़ाने हेतु एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | – | 13 | प्रश्न – राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | – | अथवा | धूम्रपान को रोकने के लिए उसकी हानियाँ बताते हुए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>विज्ञापन-लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE